खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

देहरादून, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा मात्र छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण पेज 2




अंडर-19 एशिया कप: पाकिस्तान टीम ने भारत को 191 रनों से हराया खेल टाइम्स



खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले सम्पादकीय



उस्मान हादी हत्या मामला: बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम पेज 12

# वीबी-जी राम जी विधेयक बना कानून

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राष्ट्रपति ने दी बिल को मंजूरी, रोजगार गारंटी को अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है।

इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देर रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था, लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना अनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था।

## मनरेगा खत्म करने के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकार के मनरेगा की जगह वीबी जी-राम-जी विधेयक पारित करने के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और इस पर उसकी आगे की रणनीति तय करने के बारे में 27 दिसम्बर को यहां पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विचार किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और रोजगार गारंटी के इस अधिकार को अनुग्रह में बदल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा मनरेगा का काम करने का एक कानूनी अधिकार था, न कि कोई कल्याणकारी योजना। इसकी निधि सीमित और नियंत्रण केंद्रीकृत कर इसकी मांग- आधारित प्रकृति को बदलकर, भाजपा ने इस अधिकार को बजट पर निर्भर योजना में बदल दिया है।



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में चिल्लई कलां के पहले दिन ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी घाटी से वाहन गुजरने का खूबसूरत नजारा।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट (डीओयू) श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसम्बर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसम्बर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया।

### गुवाहाटी प्रिंटिंग प्रेस मालिक धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुवाहाटी के पूर्बाश्री प्रिंटिंग हाउस के मालिक प्रियांशु बोइरागी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी बोइरागी के ठिकानों पर तलाशी अभियान के बाद हुई। एक विशेष पीएमएलए अदालत ने बोइरागी को पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इस धनशोधन मामले की जांच असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी से शुरू हुई है।

### दिल्ली में AQI 'गंभीर' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में बनी रहा। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ।

# महंगा हुआ रेल का सफर

लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे | नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी, उपनगरीय-मासिक सीजन के टिकट के दामों में कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्री किराए के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किमी एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे। नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी।

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किमी से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराए में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकूलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा। इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से गैर वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। रेलवे ने 215 किमी से कम के सफर पर किराए में वृद्धि नहीं की है। यानी कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने उपनगरीय ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की टिकटों के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है। रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है। बीते 10 वर्षों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षा और बेहतर संचालन के लिए रेलकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिनकी सैलरी और भत्ते का खर्च भी बढ़ा है।

# यूपी में कोल्ड-डे, कई शहरों में तापमान सात डिग्री से कम

## कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में बर्फबारी

■ मौसम विभाग ने यूपी सहित 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट किया जारी

**नई दिल्ली।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उप्र, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है।

इस सर्दी सीजन में पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है। यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात हैं। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। शिमला में शनिवार को तापमान 11 डिग्री और नैनीताल में 10 डिग्री रहा। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है।

### कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ानें अब तक रद्द हो गई हैं। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो रविवार सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार रविवार को 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई।




डिब्रूगढ़ : असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के 10,601 करोड़ रुपये के ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखने के अवसर पर पीएम मोदी व अन्य।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए: मोदी

■ कहा: उन्हें बचा भी रही, SIR का विरोध
■ डिब्रूगढ़ में यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया

**डिब्रूगढ़।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया।

इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। छह साल तक चले आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने एलएसी के पास चीनी सेना की मौजूदगी व संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों व अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे।

# बांग्लादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बाज आए: विदेश मंत्रालय

## बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा में कोई चूक नहीं, लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा : भारत विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बांग्लादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसम्बर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उहोंने मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की। किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया। इन घटनाओं के विजुअल सबूत सभी के देखने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

# सहारनपुर में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बुलंदशहर में एक अन्य बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**सहारनपुर/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शनिवार और रविवार की रात बुलंदशहर और सहारनपुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को मार गिराया, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल हुआ है।

सहारनपुर में घायल बदमाश सिराज अहमद की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि बुलंदशहर में ढेर बदमाश जुबैर उर्फ पीटर के सिर पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने थाना गंगोह क्षेत्र, जनपद सहारनपुर में घेराबंदी की। सूचना थी कि सुल्तानपुर का वांछित अपराधी सिराज अहमद पुत्र मंसूर अहमद निवासी लोलेपुर, जनपद सुल्तानपुर, जिस पर हत्या के मुकदमे सहित 1,00,000 रुपये का इनाम घोषित है, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में मौजूद है। घेराबंदी के दौरान सिराज अहमद ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, 30 और 32 बोर की दो पिस्टल, भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस, चार मोबाइल फोन, दो वाई-फाई डोंगल, एक बैग और आधार समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार सिराज अहमद के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और रासुका -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में खुला सरकारी नौकरी का पिटारा

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने सरकारी नौकरी का पिटारा ही खोल दिया है। यह सभी नौकरियों के लिए लोक सेवा आयोग के जरिए भर्ती होंगी। इसके लिए आयोग ने भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पोर्टल खोल दिया है। इस पोर्टल पर सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी 22 दिसंबर से अपना ओटीआर करा सकते हैं। संबंधित विज्ञापन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने साफ कर दिया है कि इन नौकरियों के लिए आवेदन केवल ओटीआर के जरिए ही होगा। इसके अलावा किसी माध्यम से आए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के मुताबिक इसी पोर्टल पर सभी नौकरियों का ब्यौरा उपलब्ध करा दिया गया है। इसी के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क का विवरण भी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जनवरी 2026 से पहले ओटीआर कराते हुए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आयोग ने अपने विज्ञापन में 2 हजार से अधिक पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले यूपी बीजेपी की बड़ी बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यालय में रविवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के लखनऊ आगमन और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करना था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रदेश आगमन की तैयारियों के लिए यह बैठक की गई है, ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल हो।

# भारतीय परम्पराएं करती हैं दुनिया का मार्गदर्शन

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 'विश्व ध्यान दिवस' पर आयोजित समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरायें विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। राधाकृष्णन ने तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर आयोजित समारोह में मन की शांति, भावनात्मक कल्याण तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में ध्यान की शाश्वत प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया।

राधाकृष्णन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान एक सार्वभौमिक पद्धति है, जो सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। उन्होंने इसे मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक परिवर्तन के मार्ग के रूप में वर्णित किया और इस बात पर जोर दिया कि 'विश्व ध्यान दिवस' आधुनिक जीवन में चिंतन के बढ़ते महत्व को पहचानने का एक अवसर देता है। श्री राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित करने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया, जिसके तहत 21 दिसंबर को 'विश्व ध्यान दिवस' घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व ध्यान दिवस से मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में ध्यान की शक्ति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने ध्यान के अभ्यास को विश्व भर में फैलाने के लिए 'दाजी' के योगदान की सराहना की और कहा कि ध्यान, योग और आध्यात्मिक खोज की अपनी सदियों पुरानी परंपराओं के साथ भारत आज भी विश्व को शाश्वत ज्ञान प्रदान कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का फिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में ध्यान को हमेशा से मन और आत्मा का एक प्राचीन विज्ञान माना गया है, जिसे ऋषियों-मुनियों ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने भगवदगीता और तमिल के महान ग्रंथ 'तिरुमंथिरम' की सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि ध्यान के जरिए मन पर काबू पाने से ही इंसान को आंतरिक शांति मिलती है, वह खुद को बेहतर ढंग से समझ पाता है और एक अच्छा जीवन जी पाता है।

# एक देश, एक कारोबारी एजेंडा देश के लिए घातक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह देश को 'एक देश, एक कारोबारी' की दिशा में ले जाने के गोपनीय एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है, जिसके तहत देश के हर बड़े कारोबार को गिने-चुने हाथों में समेटने की कोशिश की जा रही है।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व चंदे की सुविधा के लिए अलग-अलग जगह न जाकर, पूरे आर्थिक तंत्र को कुछ चुनिंदा लोगों के नियंत्रण में देना चाहता है। अपने पैसों की 'महाभूख' को पूरा करने के लिए सरकार और संगठन में ऐसे लोगों को बैठाया गया है, जो बिना किसी सवाल-जवाब के हर फैसले पर हामी भरते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एकाधिकार की भावना घातक होती है चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सामाजिक। आज भाजपा सरकार जिस तरह से नीतियों और नियम-कानूनों में बदलाव कर अन्य औद्योगिक घरानों को कमजोर कर रही है और आर्थिक गतिविधियों को चुनिंदा समूहों तक सीमित कर रही है, उससे देश एक गंभीर और खतरनाक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इसका अगला परिणाम अनियंत्रित मुनाफ़ाखोरी, महंगाई और अंततः महा-भ्रष्टाचार के रूप में सामने आएगा। एकाधिकारवादी कंपनियों के फायदे के लिए नियम बदले जाएंगे, उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली होगी और श्रमिकों का 'कम धन-अधिक श्रम' के उत्पीड़नकारी फार्मूले के तहत शोषण किया जाएगा। न

### अखिलेश ने 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की अपील की

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के निवासियों से 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की भावुक अपील की है। यादव ने चेतावनी दी है कि अरावली पर्वतमाला के विनाश का शहर के पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और जीवन की गुणवत्ता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि अरावली पर्वतमाला दिल्ली का प्राकृतिक सुरक्षा कवच और इसकी पारिस्थितिक जीवनरेखा है। अगर हमने अरावली को नहीं बचाया, तो दिल्ली रहने के लायक नहीं रहेगी। यहां की हवा सांस लेने लायक नहीं होगी, पानी पीने लायक नहीं रहेगा।

## लघु व सीमांत किसानों को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

# छह प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ एलडीबी से उपलब्ध कराया जाएगा, युवा सहकार सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु और सीमांत किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) से किसानों को मात्र 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत शेष ब्याज का वहन राज्य सरकार करेगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में रविवार को युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथं ने कहा कि वर्तमान में एलडीबी की ब्याज दर लगभग साढ़े 11 प्रतिशत है, जो किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। सरकार इसे कम कर किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप केंद्र सरकार ने पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयां मिली हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया जाना भारत की सहकारिता शक्ति का प्रमाण है। योगी ने कहा कि भारत में 8.44 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे 30 करोड़ से ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की मजबूत गारंटी है। बीते 11 वर्षों में डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और तकनीक के उपयोग से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने बताया कि एम-पैक्स (मल्टीपर्पज प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी) के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाकर लाखों नए सदस्यों को जोड़ा गया है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक खाते हैं और 550 करोड़ रुपए से अधिक की जमा राशि है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कई जिला सहकारी बैंक डिफॉल्टर हो चुके थे, लेकिन सरकार के प्रयासों से आज सभी को-ऑपरेटिव बैंक स्वस्थ हैं और किसानों की समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी।

### 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाएं : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी। उन्होंने बताया कि जिन 16 कोऑपरेटिव बैंकों के लाइसेंस जब्त हो गए थे, उनमें फंसे 4700 करोड़ रुपए किसानों को धीरे-धीरे वापस कराए गए। अब समय आ गया है कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएं। रविवार को लखनऊ में आयोजित युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ।

# योगी सरकार जल्द लॉन्च करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेगी सुविधाएं

**लखनऊ, वार्ता**

■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा

आयुष चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। योगी सरकार जल्द ही आयुष एप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को घर बैठे आयुष से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह एप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

इस एप के जरिए मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण और अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आयुष विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियों को व्यापक पहचान मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। इसी उद्देश्य से आयुष एप विकसित करने को लेकर आईआईटी कानपुर से बातचीत चल रही है। एप के लॉन्च होने के बाद मरीजों को आयुष अस्पतालों और केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मरीज अपने मोबाइल फोन से घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी। इस सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# अहमदाबाद हादसे से इंडिगो संकट तक

**नई दिल्ली, वार्ता**





■ भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए चुनौतियों भरा रहा पूरा साल

भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए साल 2025 बेहद चुनातीपूर्ण रहा। साल के पूर्वार्द्ध में जहां एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया, वहीं अंतिम महीने में 'इंडिगो संकट' लाखों यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना और विमान सेवा कंपनियों के प्रति उनके विश्वास को कमजोर किया।

विमानन क्षेत्र के लिए मार्च तक सब कुछ काफी अच्छा चल रहा था। साल के पहले तीन महीने में यात्रियों की संख्या भी 10.35 प्रतिशत बढ़कर 4.32 करोड़ पर पहुंच गयी थी और उम्मीद की जा रही थी कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान पहली बार यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ करोड़ के पार पहुंच जाएगी। इसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और लोगों ने जम्मू-कश्मीर की टिकट रद्द करनी शुरू कर दी। फिर मई की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए और भारत ने पाकिस्तानी विमान सेवा कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए, जो अब तक जारी हैं। इसका असर भारतीय विमानन क्षेत्र पर पड़ना शुरू हो गया। कई मार्गों पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर घूमकर जाने से यात्रा का समय और एयरलाइंस की लागत बढ़ गई। ऊपर से विमान ईंधन की कीमतों में इजाफे के कारण मुनाफा कमाने के लिए पहले से संघर्ष कर रही विमान सेवा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और खराब हो गयी। मई में हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर महज 1.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि माह- दर-माह लगातार दूसरी गिरावट दर्ज की गयी। देश ने जून महीने में अपने विमानन इतिहास से सबसे बुरे हादसों में से एक का समाना किया। एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ लंदन के गैट्विक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ऊंचाई हासिल करने में असफल रहा और बीजे मेडिकल कॉलेज के होस्टल से टकरा गया और उसमें आग लग गयी। देखते ही देखते विमान आग के गोले में तबदील हो गया। चमत्कार के रूप में विश्वासकुमार रमेश नामक एक यात्री मामूली जख्मों के साथ खुद चलता हुआ मलबे से बाहर निकलने में कामयाब रहा। विमान में सवार अन्य सभी 241 लोगों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एयर इंडिया हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में पायलट की गलती को इसकी मुख्य वजह बताया गया है।

### उद्योगों के आंकड़ों वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक कारकों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा वैश्विक कारकों पर भी निवेशकों की नजदीकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक (0.40 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 80.55 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 25,966.40 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव से होता हुआ सपाट रहा।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। ग्राहकी आने से गेहूं में भी तेजी रही। वहीं चीनी और दालों में गिरावट रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 71 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,827 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं 10 रुपए चढ़कर 2,858.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा 3,305.69 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 16 रुपए और सोया तेल 15 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति 55 रुपए और सरसों तेल 49 रुपए मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल में 37 रुपए और पाम ऑयल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 59 रुपए और उड़द दाल की 58 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। मसूर दाल 24 रुपए और मूंग दाल 19 रुपए सस्ती हुई। चना दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी 27 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7778.81 रुपए, मसूर काली 8098.20 रुपए, मूंग दाल 10077.20 रुपए, उड़द दाल 10331.02 रुपए, तुअर दाल 10474.97 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.33 रुपए और चावल 3826.69 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.80 रुपए और गुड़ 4999.87 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17648.52 रुपए, मूंगफली तेल 17687.78 रुपए, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपए, सोया तेल 13770.86 रुपए, पाम ऑयल 12486.45 रुपए और वनस्पति 14454.29 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में भरभराकर गिरी बेसमेंट की दीवार, दो की मौत

**आगरा।** आगरा जिले के बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर पास में स्थित गांव बिजकौली में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट की दीवार ढहने से अलाव ताप रहे सात लोग दब गए। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बेसमेंट में मिट्टी का भराव हो रहा था।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उनको आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय हीरालाल और योगेश की रास्ते में मौत हो गई। लोगों ने दो घंटे तक मशक्कत के बाद मलबे में बदे सभी सात लोगों को बाहर निकाला और पास अस्पताल में ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर सभी एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीसीपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि दीवार और बेसमेंट के मलबे में दबे दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

बाकी पांच घायल का उपचार चल रहा है। गांव बिजकौली में जोर सिंह प्रजापति के निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में रविवार सुबह 11 बजे कुछ लोग अलाव पर ताप के साथ ही कुछ लोग ताश भी खेल रहे थे। रविवार को बेसमेंट में काम चल रहा था, उसमें मिट्टी डाली जा रही थी। इसके साथ ही पानी भी भरा हुआ था, मिट्टी के दबाव और पानी की वजह से दीवार ढह गई। इससे अलाव ताप रहे और ताश खेल रहे लोग दीवार के मलबे में दब गए, मौके पर चीख पुकार मच गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सहारनपुर में...**

सहित करीब 30 आपराधिक मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं। वहीं दूसरी घटना जनपद बुलंदशहर की है, जहां थाना कोतवाली देहात और गुलावठी पुलिस टीम की 50,000 रुपये के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर (35 वर्ष) निवासी उमर गार्डन कॉलोनी, थाना श्यामनगर लिसाड़ी गेट, मेरठ पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत बदमाश के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस और बिना नंबर की एचएफ-डीलक्स बाइक बरामद की गई है।

# महात्मा गांधी की दूसरी बार कर दी गई हत्या

**चेन्नई, वार्ता**



■ वीजीरामजी बिल विवाद पर बोले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने संसद में पास हुए वीरामजी बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस स्कीम में बदलाव करके महात्मा गांधी की दूसरी बार हत्या की गई है। यह न तो सही इंग्लिश है और न ही इंडियन, बल्कि सिर्फ इंग्लिश अक्षरों में लिखे हिंदी शब्द हैं, जिन्हें मंत्रियों को भी समझना मुश्किल लगता है।

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पी चिदंबरम कहा कि नई स्कीम पूरे देश में लागू नहीं होगी। केंद्र सरकार तय करेगी कि किन जिलों और इलाकों में काम मिलेगा। इसमें कहा गया है कि यह स्कीम साल में 60 दिन लागू नहीं की जा सकती, बिना यह बताए कि कौन से 60 दिन? पी चिदंबरम ने कहा कि अगर किसी जिले को 'कोई काम नहीं' वाला घोषित कर दिया जाता है, तो लोग नौकरी की मांग भी नहीं कर सकते। नए कानून में कई गंभीर कमियां हैं, यह अब कोई एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम नहीं रही, इसमें कोई गारंटी नहीं है और सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों को होगा। उन्होंने कहा कि साल में 100 दिन की मजदूरी वाली रोजगार गारंटी स्कीम 12 करोड़ परिवारों के लिए लाइफलाइन थी, ताकि यह पक्का हो सके कि घर का कोई भी सदस्य भूखा और उदास न सोए। यह गरीबों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए एक वरदान थी, जिनके पास रेगुलर रोजगार नहीं था। इसने घर की महिलाओं के हाथों में पैसे दिए, जिससे उन्हें इतनी आजादी मिली, जो उनकी पुरखों को नहीं मिली थी। इसने गरीबों के लिए एक सुरक्षा जाल बनाया, यह बिल इन फायदों को बेरहमी से छीन रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के पहले बजट (2004-05) में उन्होंने कहा था कि हमारी योजना में गरीबों का पूरे प्लान फंड पर पहला हक होगा। नेशनल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट पर काम शुरू हो गया है। इसका मकसद हर गरीब घर में एक काबिल व्यक्ति को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी देना है, लेकिन वर्तमान स्कीम राज्य-विशिष्ट होगी और लागत केंद्र और राज्य 60-40 के अनुपात में बांटेंगे। केंद्र सरकार हर राज्य को फंड का एक नॉर्मेटिव एलोकेशन करेगी, एलोकेशन से ज्यादा खर्च राज्य उठाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी मामलों में आर्बिटर होगी, जिससे बिल संघीय व्यवस्था के खिलाफ है।

# विश्वविद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों की रोकथाम अनिवार्य, नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश और निवास को रोकने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं, जिसमें संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी।

यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके तहत सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को चार प्रमुख कदम अनिवार्य रूप से लागू करने होंगे। पहला, प्रत्एक शिक्षण संस्थान अपने परिसर की स्वच्छता और देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करें या निवास न करें। नोडल अधिकारी का विवरण मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्थानीय नगर निकाय को भी सूचित किया जाएगा।

दूसरा, छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जानवरों के आसपास सुरक्षित व्यवहार, कुत्ते के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार और तत्काल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। तीसरा, स्टेडियमों और खेल परिसरों में चौबीसों घंटे सुरक्षा या ग्राउंड-कीपिंग कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि आवारा कुत्तों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा सके। चौथा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप अन्य सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# भयभीत उत्तराखंडी अपना गांव छोड़ने को मजबूर: हरीश रावत

■ कहा, रिवर्स पलायन तो छोड़िए, जो पलायन अब हो रहा है, उस पर ध्यान देने की जरूरत
जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों को लेकर सरकार पर बोला हमला



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** रिवर्स पलायन को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने धामी सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश सरकार रिवर्स पलायन की बात कर रही है। मैं सरकार से कह रहा हूं कि उत्तराखंड वासियों को उनकी जमीन दे दो, वो आसमां लेकर क्या करेंगे? उल्लेखनीय है कि बीते दिन सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रिवर्स पलायन पर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। वहीं रिवर्स पलायन के बहाने पूर्व सीएम हरीश रावत ने धामी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि सरकार रिवर्स पलायन की बात तो खूब कर रही है, लेकिन मैं सरकार से कह रहा हूं कि उत्तराखंड वासियों को उनकी जमीन दे दो, वो आसमां लेकर क्या करेंगे?

हरीश रावत ने लिखा कि रिवर्स पलायन की बात तो छोड़िए जो पलायन इस समय हो रहा है, उस पर ध्यान देने की जरूरत है। आज भयभीत उत्तराखंड अपना गांव छोड़ रहा है, अपना घर छोड़ रहा है। हरीश रावत ने अपने पोस्ट में जंगली जानवरों के हमले और खेतों को पहुंचा रहे नुकसान का जिक्र भी किया। उन्होंने लिखा कि गुलदार, बाघ, हाथी, भालू, बंदर और लंगूर जो उत्तर प्रदेश से यहां आ रहे हैं, आवारा पशु, आवारा कुत्ते और सुअर, इन सबने गांव वालों का जीना हराम कर दिया है। अब हालात यह हैं कि गांव तो गांव, छोटे-छोटे कस्बों और बड़े शहरों के दूर-दराज के मोहल्लों में भी इनका आतंक व्याप्त है। आप पहले इससे निजात दिला दीजिए, इसे नियंत्रित कर दीजिए, फिर रिवर्स पलायन की बात कीजिए, क्योंकि रिवर्स पलायन तभी होगा, जब वहां संभावनाएं होंगी। वहां की संभावनाओं को नष्ट करके आप रिवर्स पलायन का सपना कैसे देख रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लंबे समय से लोग अपने गांव को छोड़कर पलायन करते रहे हैं।

# देहरादून शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में एमडीडीए की शख्त कार्रवाई

■ एमडीडीए ने अवैध रूप से निर्मित सीढ़ियों को किया ध्वस्त
शहर में सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा: बंशीधर तिवारी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) शहर को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार सखघ्त कार्रवाई कर रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण, फुटपाथ कब्जा और अनधिकृत निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में एमडीडीए की प्रवर्तन टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए निरीक्षण कर रही हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

यह अभियान न केवल यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए है, बल्कि आमजन की सुविधा और शहर की सुंदरता बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम है।

एमडीडीए द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत देहरादून के बहल चौक, राजपुर रोड क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फुटपाथ पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से सीढ़ियों का निर्माण किया गया था, जिससे पैदल चलने वालों को असुविधा हो रही थी और यातायात प्रभावित हो रहा था। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से निर्मित सीढ़ियों को ध्वस्त किया और संबंधित को भविष्य में इस प्रकार का अतिक्रमण न करने की सखघ्त चेतावनी दी।

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि शहर में अवैध अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। प्राधिकरण द्वारा नियमों के उल्लंघन पर सखघ्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी कानून से ऊपर नहीं रखा जाएगा। शहर में सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और शहर को व्यवस्थित व सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# प्रेस क्लब की कमान वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उनियाल के हाथों में

■ विजय गुसाईं निर्विरोध चुने गए महामंत्री
कोषाध्यक्ष पद पर हुआ कड़ा मुकाबला, धनपाल गुनसोला ने विजयपाल राणा को हराकर दर्ज की शानदार जीत
अटल स्मृति वर्ष के रूप में भव्यता से मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की शताब्दी जयंती, भाजपा ने तैयार की रूपरेखा
पच्चीस से इकतीस दिसंबर तक हर विधानसभा में होंगे सम्मेलन और कवि गोष्ठियां, वीर बाल दिवस पर साहिब. जादों के बलिदान को करेगा नमन संगठन
जिला स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को मिला कार्यक्रमों का रोडमैप, चौबीस की शाम दीपदान और छब्बीस को वीर बाल दिवस मनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारतीय जनता पार्टी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए कमर कस ली है। संगठन ने इस वर्ष को श्अटल स्मृति वर्षश के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत जिले भर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष उदय रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ जिले के सह प्रभारी रविंद्र राणा और प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को अटल स्मृति वर्ष और आगामी वीर बाल दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा समझाई गई और उन्हें सफल बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सह प्रभारी रविंद्र राणा ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण और देश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय है। उनके विचारों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी संगठन ने उनकी शताब्दी वर्ष को विशेष रूप से मनाने का फैसला किया है। इसके तहत अटल जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। चूंकि अटल जी राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ एक संवेदनशील कवि भी थे, इसलिए उनकी स्मृति में कवि सम्मेलनों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर को अटल जी की जयंती की पूर्व संध्या पर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात 25 से 31 दिसंबर तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भव्य सम्मेलनों का आयोजन होगा।

बैठक में वीर बाल दिवस के आयोजन पर भी विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि 26 दिसंबर को सिखों के दसवें गुरु गो. विंद सिंह के साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के महान बलिदान को याद करते हुए श्वीर बाल दिवसश मनाया जाएगा। यह दिन देश की युवा पीढ़ी को साहस और त्याग की प्रेरणा देने वाला होगा। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे इन कार्यक्रमों को केवल औपचारिकता न मानकर पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ आयोजित करें, ताकि समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रति. निधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, जिला महामंत्री बलवंत रावत, जयेंद्र सेमवाल, ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल, सुरेंद्र भंडारी, मनीषा पंवार, पूर्व प्रमुख खेम सिंह चौहान, प्रमुख सुनीता देवी, बसुमति घणाता, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष राणा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष इंदू डंगवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष तौफीक अहमद, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, राजेंद्र डोभाल, डॉ. प्रमोद उनियाल और जयेंद्र पंवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मसूरी स्थित अटल उद्यान में स्व. वाजपेयी की मूर्ति का लोकार्पण

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी रहे मौजूद



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी स्थित अटल उद्यान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे राष्ट्रनेता थे, जिनकी बात को पक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष के नेता भी गंभीरता से सुनते थे। उन्होंने कहा कि अटल का मसूरी से विशेष लगाव रहा है और उत्तराखंड को पृथक राज्य बनाने में उनका योगदान ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है।

उन्होंने कहा कि अटल के विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इस अवसर पर अटल उद्यान में पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने तथा पॉली हाउस निर्माण की भी घोषणा की, जिससे स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को सुविधाएं मिल सकेंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हमारे विचारों में बसते हैं। उनके सिद्धांतों और मूल्यों के मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्व.अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, ओपी उनियाल, सुरेंद्र राणा, मन मोहन शर्मा, सतीश ढौंडियाल, मनमोहन कंडवाल सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# केंद्रीय कृषि अवसंरचना कोष से राज्य के 307 किसान लाभान्वित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत राज्य में अब तक 307 किसान लाभान्वित हुए है और 680 अन्य मामलों को सहमति प्रदान की गई है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने अतारांकित प्रश्न सं. 2262 के तहत कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत चयनित किसानों और उसमें उत्तराखंड की उपलब्धता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई हैं। जिसका उत्तर देते हुए, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि कृषि अवसं. रचना कोष योजना सभी किसानों और साथ ही किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, मार्केटिंग/बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी), कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी), कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप और केंद्रीय राज्य एजेंसियों जैसी विभिन्न संस्थाओं के लिए भी उपलब्ध है। जिसमें जुलाई 2020 से शुरू इस स्कीम में अब तक 67,007 व्यक्तिगत किसानों को एआईएफ स्कीम का लाभ प्राप्त हुआ है जिसमें उत्तराखंड के 307 किसान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुल 1,39,837 मामलों को भी मंजूरी दी गई है, जिसमें उत्तराखंड के 680 मामले शामिल हैं।

# 'वीर बाल दिवस' को जनसहभागिता के साथ मनाएगी भाजपा

■ वीर साहिबजादों का बलिदान, पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरणा देता रहेगा : भट्ट,
वीर बाल दिवस कार्यक्रमों के लिए दीप्ति के नेतृत्व में प्रदेश टोली का गठन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा 26 दिसम्बर को गुरु साहिबजादों की स्मृतिस्वरूप श्वीर बाल दिवस को व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, वीर शहजादों का बलिदान देश को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत के नेतृत्व में प्रदेश एवं जिला टोलियां का गठन किया गया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनके पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को बड़े पैमाने पर नई पीढ़ी के सम्मुख प्रस्तुत करने का आह्वाहन किया था। उनकी प्रेरणास्वरूप, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के निर्देशानुसार पार्टी, दोनों के बलिदान की स्मृति में 26 दिसम्बर को ष्वीर बाल दिवसष व्यापक स्वरूप में मना रही हैं। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम के लिए प्रदेशाध्यक्ष द्वारा प्रदेश टीम का गठन किया गया है जिसे प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत और सह संयोजक गुरविंदर सिंह चंडोक और बलजीत सोनी को दी गई है।

वहीं चौहान ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि साहिबजादों के बलिदान की गौरवगाथा एवं जनजागरण के लिएष्वीर बाल दिवसष के अंतर्गत प्रत्येक जिले पर एक विशेष सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें साहिबजादों के अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के बारे में विशेषकर युवाओं को जानकारी दी जाएगी।

इसी तरह, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में साहिबजादों के बलिदान को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा विचार गोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं एवं अन्य गति. विधियों का आयोजन किया जायेगा। वहीं, सामूहिक रूप से स्थानीय गुरुद्वारा में जाकर शब्द कीर्तन का श्रवण करना और प्रत्येक जिले में प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। सभी कार्यक्रम स्थल पर इस संबंध में प्रदर्शनी लगाकर, साहित्य वितरण भी किया जायेगा।

# वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा का जीवंत उदाहरण है: विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर मनाए जा रहे अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस के अंतर्गत विकासनगर में आयोजित जिला कार्यशाला में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर सम्मिलित हुए।

कार्यशाला में अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, सुशासन की अवधारणा तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति और संस्कारों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लो. कतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। वीर बाल दिवस देश के उन वीर बालकों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है, जिनसे आने वाली पीढ़ियों को साहस, त्याग और देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री कुंदन, जिला प्रभारी डॉ. स्वराज विद्वान, जिलाध्यक्ष मीता सिंह, पूर्व विधायक कुलदीप कुमार, सतेंद्र राणा, भुवन विक्रम डबराल, सीताराम गौड, सुखदेव फर्षवाण, यशपाल, तनुज शर्मा, यशपाल कैंतुरा, अर्चना क्षेत्री, मंजू नेगी सहित भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

# दून के 54 आंगनबाड़ी केंद्र बने हाईटेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन और जिला प्रशासन की पहल से देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। जिला योजना 2024-25 के तहत जनपद के 54 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडर्न प्ले स्कूल के रूप में नया रूप दिया गया है।

लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित इस परियोजना के माध्यम से रायपुर, डोईवाला, सहसपुर, कालसी, विकास नगर और चकराता ब्लॉक के केंद्रों का कायाकल्प किया गया है। इन केंद्रों को न केवल मरम्मत कर सुंदर बनाया गया है, बल्कि यहां बच्चों के लिए स्मार्ट टीवी, खिलौने, रंगीन कालीन और आधुनिक फर्नीचर भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह के अनुसार, इन केंद्रों में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए श्स्मार्ट कंटेंटश भी प्रदान किया गया है। दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग और स्वच्छ पेयजल व शौचालय की बेहतर व्यवस्था की गई है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि सफलता को देखते हुए वर्ष 2025-26 के लिए 150 से अधिक अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इसी तर्ज पर आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। चकराता ब्लॉक के कई सुदूरवर्ती केंद्रों जैसे कोटा-तपलाड और मंझगांव में भी कार्य अंतिम चरण में है।

गरीब बच्चों की पढ़ाई में अब बाधा नहीं बनेगी श्मुफलिसीश

देहरादून। जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए जिला प्रशासन ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। चकराता ब्लॉक के त्यूणी तहसील अंतर्गत ग्राम अटाल के करीब 300 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अब मुफ्त और बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। जिलाधिकारी सविन बंसल के विशेष प्रयासों से इन बच्चों की मदद के लिए काम कर रहे एनजीओ को 4.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

ग्राम अटाल के निवासियों और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी कि क्षेत्र के कई मेधावी बच्चे संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं। डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की पहल पर (यूजेवीएनएल) ने अपने सीएसआर फंड से साढ़े चार लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

# हिस्ट्रीशीटर अकलीम पर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई, भेजा गया जेल

**शाह टाइम्स संवाददता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के श्ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025श मिशन को साकार करने के लिए एसएसपी देहरादून के निर्देशन में दून पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में थाना सहसपुर पुलिस ने क्षेत्र के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर नशा तस्कर अकलीम पुत्र अली हसन के विरुद्ध स्वापक औषधी और मन प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे जिला कारागार में निरुद्ध कर दिया है। बताया गया है कि आरोपी अकलीम पर 24 से अधिक मुक. दमों का आपराधिक इतिहास है। अभियुक्त अकलीम लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके विरुद्ध सहसपुर, विक. ासनगर और नेहरू कॉलोनी थानों में एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। बार-बार जेल जाने के बावजूद वह बाहर आकर फिर से तस्करी के धंधे में लिप्त हो जाता था।

**सचिवालय से जारी हुए निरुद्ध करने के आदेश**

एसएसपी देहरादून की रिपोर्ट पर गृह सचिव, उत्तराखंड शासन ने अभियुक्त की आपराधिक सक्रियता को देखते हुए उसे च्प्ज्-छक्ै एक्ट के तहत जेल में निरुद्ध करने के आदेश जारी किए। रविवार को सहसपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सुद्धोवाला जेल भेज दिया।झ एसएसपी की चेतावनी: जनपद में सक्रिय अन्य बड़े नशा तस्कर भी पुलिस के रडार पर हैं। उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# चतुर्थ श्रेणी भर्ती में देरी पर विभागीय मंत्री ने जताई नाराजगी

■ 2364 रिक्त पदों पर अधिकारियों को दिये शीघ्र भर्ती के निर्देश, कहा, विभागीय स्तर पर कमेटी गठित कर तय करें सेवा शर्तें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की लंबे समय से लटकी भर्ती को लेकर विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने भर्ती में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुये शीघ्र प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये।

जिसके क्रम में शासन स्तर से विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को विभागीय स्तर पर कमेटी गठित करने के निर्देश जारी किये गये है। साथ ही अधिकारियों को प्रयाग पोर्टल एवं सेवा योजना विभाग से समन्वय स्थापित कार्मिकों की योग्यता एवं सेवा शर्ते तय करने को कहा गया है। विद्यालयी शिक्षा विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी के 2364 रिक्त पदों पर कार्मिकों की तैनाती न होने पर शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को लंबित प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। विगत शुक्रवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में डॉ रावत ने अधिकारियों को विभागीय स्तर पर एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये ताकि चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के लिये ठोस सेवा शर्ते तैयार किये जा सके। इसके अलावा उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रयाग पोर्टल तथा कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने को भी कहा ताकि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गतिरोध पैदा न हो। विभागीय मंत्री के निर्देश पर चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिये शासन पर से विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है। जिसमें विभागीय अधिकारियों को समिति गठित करने व कार्मिकों की सेवा शर्ते तय करने के ठोस निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ एक सप्ताह के भीतर प्रयाग पोर्टल पर अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करने को भी कहा गया है।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को सरकार गंभीर: किशोर

**■ जिला सम्मेलन में विधायक किशोर उपाध्याय ने दिया भरोसा ■ नई टिहरी में शिक्षक संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में शिव सिंह रावत को कमान, नवीन नृपेंद्र बडोनी चुने गए महामंत्री**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तराखंड की टिहरी इकाई का द्विवार्षिक जिला सम्मेलन और शैक्षिक विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन नई टिहरी में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में जिले भर के शिक्षकों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी समस्याओं और चुनौतियों पर गंभीर मंथन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय संरक्षक चिंतामणि सेमवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने शिरकत की। सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ विधायक किशोर उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक ने शिक्षकों की भूमिका को समाज के लिए सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं और किसी भी समाज या राष्ट्र के उत्थान का मार्ग एक शिक्षक के माध्यम से ही प्रशस्त होता है।

उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और वे स्वयं भी संघ की मांगों को लेकर हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। संघ की ओर से विधायक का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

सम्मेलन के दौरान शैक्षिक विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षकों के संघर्षों और भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। प्रांतीय संरक्षक चिंतामणि सेमवाल और जयप्रकाश बहुगुणा ने संगठन के इतिहास और शिक्षकों द्वारा किए गए संघर्षों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा जगत में आ रहे बदलावों और चुनौतियों का सामना करने के लिए संगठन का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है।

वहीं, प्रांतीय अध्यक्ष संजय बिजल्वाण ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों का आभार जताते हुए आह्वान किया कि मांगों को मनवाने के लिए सभी को समर्पित भाव से संगठन को शक्ति प्रदान करनी होगी। प्रांतीय महामंत्री महादेव मैठाणी ने शासन स्तर पर लंबित मांगों और उनकी प्रगति की विस्तृत जानकारी सदन के पटल पर रखी। इस दौरान देहरादून और पौड़ी जिले से आए पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए, जिनमें देहरादून के जिलाध्यक्ष अनिल नौटियाल, मंत्री विजयपाल जगवाण और पौड़ी के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, महामंत्री मंगल सारंग आदि प्रमुख रहे।

अधिवेशन के दूसरे सत्र में संगठन की नई जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी देवेंद्र कुमार और पर्यवेक्षक कपूर सिंह की देखरेख में लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुई। सदन ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी पर भरोसा जताते हुए शिव सिंह रावत को जिलाध्यक्ष और नवीन नृपेंद्र बडोनी को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी।

इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर राजेश बहुगुणा, जिला उपाध्यक्ष पद पर उत्तम सिंह बिष्ट और कुलदीप फोंदणी, महिला जिला उपाध्यक्ष के रूप में अनुराखी बौद्ध, जिला संयुक्त मंत्री गोविंद सिंह तथा मीडिया प्रभारी के रूप में मनोज रमोला का चयन किया गया।

सम्मेलन में वीरेंद्र कुड़ियाल, ऊषा रांगड़, श्रीनिवास उनियाल, सुरेश ममगाईं, बेलीराम, चंद्रमणि लखेड़ा, सुनील पैन्यूली, दिनेश भट्ट, सीमा रावत, सीमा मल्ल, सुमन भंडारी, विवेकानंद शर्मा, विनोद कुलियाल, गोविंद सिंह, सुधीर शती, पुरुषोत्तम गुसाईं, शांतिभूषण, गुलाब सिंह, युद्धवीर, विनोद और अवतार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 150 से अधिक लोगों ने ली यूकेडी की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर ब्लॉक के मलेथा में उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा रविवार को बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी की रीति नीति,आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगों ने यूकेड़ी का दामन थामा। इस मौके पर पहुंचे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत,पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष पुष्पेश त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में भाजपा कांग्रेस की सरकारों ने जनता के साथ छलावा किया है। जिसका नतीजा है कि आज पहाड़ खाली हो रहे है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं के हाल बहतर है। कहा कि उत्तराखंड राज्य जिस सोच के साथ बनाया गया वो सोच ओर सपने आज भी अधूरे है। पूर्व प्रमुख एवं पार्टी उपाध्यक्ष विजयंत निजवाला एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र भट्ट ने कहा कि इस बार जनता को पिछले 25 वर्षों का जवाब दोनों राष्ट्रीय दलों से मांगना है।

युवा नेता अरुण नेगी एवं चंद्रमोहन चौहान ने कहा कि आज राज्य बनने के बाद मूल निवास की व्यवस्था समाप्त हो गई है। पहाड़ी राज्य की जमीनों पर बाहरी माफियों की नजर है। ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर पंवार, वरिष्ठ नेता चिरंजीवी पुंडीर,रवि बलूनी, सुनील पोखरियाल को देवप्रयाग विधानसभा का युवा अध्यक्ष चुना गया। मौके पर युवा नेता अचल नेगी, प्रीतम पटवाल,जसपाल सिंह,अर्जुन सिंह,लक्ष्मण नेगी,अर्जुन नेगी,शक्ति हटवाल सहित आदि मौजूद थे।

# भालुओं की चहलकदमी ,वन विभाग ने लगाए पिंजरे

**■ जिस घर में भालू परिवार विचरण करने आए, वहां लगा था मधुमक्खी का छत्ता, पूर्व विधायक सजवाण ने वन विभाग को दिए थे पिंजरे लगाने के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** भटवाड़ी विकासखंड में भालुओं के बढ़ते विचरण और बीते दिनों ग्रामीणों पर हुए हमलों को गंभीरता से लेते हुए गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की थी। पूर्व विधायक ने स्थानीय वन अधिकारियों को पिंजरे लगाए जाने तथा निरंतर गश्त बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

वन विभाग ने पूर्व विधायक की मांग को संजीदगी से लेते हुए भटवाड़ी प्रखंड के मल्ला डांग गांव में भालुओं को पकड़ने हेतु पिंजरे स्थापित किए हैं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में इसी गांव में भालुओं का झुंड सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण के निर्देश पर वन कर्मियों ने टकनौर क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई जा रही है और जंगली जानवरों के भय से आशंकित ग्रामीणों को हर संभव सहयोग एवं सुरक्षा का भरोसा दिया जा रहा है।

वन विभाग द्वारा भालुओं को सुरक्षित पकड़ने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में जन-सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इधर वन दरोगा नरेंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों मल्ला के डांग नामे तोक में जिस घर के आंगन में भालुओं का झूंठ आया था वहां मधुमक्खी का छत लगा था। जिसके सुंगध से भालू आयें थे। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी का छत हटा दिया गया और वन विभाग ने पिंजरे को लगाकर टकनौर क्षेत्र में गस्त बढा दी है।

# निरीक्षक प्रदीप नेगी होंगे कोतवाली प्रभारी कोटद्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने रविवार को जनपद में 6 निरीक्षक और 14 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेर बदल किया है। प्रदीप नेगी अब कोटद्वार कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक होंगे। रमेश तनवर को लैंसडाउन का प्रभारी बनाया गया है।

पौड़ी कोतवाली के प्रभारी रविंद्र नेगी को थाना थलीसैंण, लाखन सिंह को थलीसैंण से पुलिस ऑफिस, जयपाल नेगी को श्रीनगर से कोतवाली पौड़ी, कुलदीप सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर, विनय कुमार को लैंसडाउन से प्रभारी साइबर सेल श्रीनगर बनाया गया है।

वहीं उप निरीक्षक अनिल चौहान को वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोटद्वार, राज विक्रम सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक पौड़ी, भुवन चंद को लक्ष्मण झूला से प्रभारी एफएसएल यूनिट श्रीनगर, पंकज कुमार को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष सतपुली, संतोष पैथवाल को श्रीनगर से रिखणीखाल, नवीन पुरोहित को पुलिस चौकी रामझूला, मुकेश गैरोला को पुलिस चौकी पाबौ, जयपाल चौहान को वरिष्ठ उपनिरीक्षक लैंसडाउन, रंजीत तोमर को सीआईयू कोटद्वार का प्रभारी बनाया गया है।

## एक नजर .......

### स्थापना दिवस की 62 वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

**थराली।** रविवार को एसएसबी ग्वालदम के परिसर में बल की 62 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम उप कमांडेंट आमोद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर उप कमांडेट ने बल के द्वारा पूरे देश में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के संबंध में कहां की अपनी कार्य कुशलता, अनुशासन, कर्त्तव्यपरायणता, सहासिक कार्य के बलबूते प्रमुख सुरक्षा बलों में सामिल हो चुका हैं,बल ने नाम अभी तक कई उपलब्धियां दर्ज हो चुकीं हैं।इस मौके पर कई तरह के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता के साथ ही एक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया।इस मौके पर बल के तमाम अधिकारी,जवान प्रशिक्षु जवान,ग्वालदम क्षेत्र की जनता के अलावा बल के अधिकारियों, जवानों के परिजन भी सम्मिलित हुए।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन ट्रायल आज

**कोटद्वार ।** जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की राज्यस्तरीय आमंत्रण बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए पौड़ी जनपद की जूनियर बालक व बालिका टीम का प्राथमिक चयन ट्रायल आज 22 दिसंबर को शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। रविवार को जानकारी देते हुए स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि एसजी गार्डन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड प्रमाणपत्र, स्थायी अथवा मूल निवास प्रमाणपत्र एवं राजकीय चिकित्सालयों द्वारा जारी आयु प्रमाणपत्र, वार्षिक मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, सी टेस्ट प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

### सिगोली-अमिल्डा मोटरमार्ग का शिलान्यास

**श्रीनगर।** राज्य योजना के तहत देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में सिगोलीख्रचौण्डी मोटर मार्ग से सयूटाख्रअमिल्डा तक 2.50 किमी लंबे मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक विनोद कंडारी ने किया। मार्ग की कुल लागत छ91.01 लाख है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विनोद बिष्ट, अधिशासी अभियंता धीरेन्द्र कुमार सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** रैबार वेलफेयर समिति एवं भारत हार्ट इंस्टिट्यूट एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में गुप्तकाशी में एक नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 126 लोगों ने अपनी हृदय संबंधी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत हार्ट इंस्टिट्यूट एंड मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूर-दराज क्षेत्र में आकर लोगों की जांच करना सराहनीय कार्य है। ऐसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय रहते बीमारी की पहचान संभव हो पाती है।

# राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण को समिति गठित

**■ 31 दिसम्बर 2021 से पूर्व चिन्हीकरण के लिए भेजे गए आवेदनों पर ही कार्रवाई होने की संभावना है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा से जुड़े राज्य आंदोलनकारियों ने चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण के लिए समिति का गठन किया है। समिति में दिनेश गौड़ को अध्यक्ष चुना गया है।

इस संबध में रविवार को मोर्चा कार्यालय में हुई राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में कई राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण से वंचित हैं। जिलाधिकारी कार्यालय में भी 31 दिसंबर 2021 से पूर्व चिन्हीकरण के लिए भेजे गए आवेदनों पर ही कार्रवाई होने की संभावना है। ऐसे में कई आंदोलनकारी अभी भी चिन्हीकरण से वंचित रह जायेंगे।

मौके पर ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए समिति का गठन किया गया। समिति में दिनेश गौड़ अध्यक्ष, प्रेम सिंह बिंदवाल उपाध्यक्ष, भगवान सिंह महामंत्री, पुरूषोत्तम डबराल प्रचार सचिव व अर्जुन सिंह रावत संगठन सचिव चुने गये। तहसील में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

# अग्निशमन इकाई ने किया फायर ऑडिट व निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस की अग्निशमन इकाई ने रुद्रप्रयाग शहर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों में फायर ऑडिट एवं निरीक्षण किया। जिसमें अग्नि सुरक्षा के मानकों को परखने के सख्त निर्देश दिए।

जनपद में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह बिष्ट के नेतृत्व में फायर टीम ने रुद्रप्रयाग कस्बे के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों का व्यापक फायर ऑडिट एवं निरीक्षण किया। अग्निशमन टीम ने होटल एवं रेस्टोरेंट, मैरिज हॉल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान निरीक्षण के दौरान टीम ने मुख्य रूप से अग्नि शमन यंत्रों की कार्यक्षमता, आपातकालीन निकास, पानी की उपलब्धता और बिजली के उपकरणों की सुरक्षा स्थिति को बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों में खामियां पाई गईं, उन्हें तत्काल प्रभाव से सुधार करने के नोटिस निर्गत किए। संस्थान स्वामियों को भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा उपकरणों को अपडेट रखने की चेता. वनी दी। इस ऑडिट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हों, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

### 24 को राइंका में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** जिले में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटर कॉलेज मयकोटी में 24 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगेंगे जहां पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही आवेदन, शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। वहीं पेंशन, आयुष्मान भारत, राशन कार्ड, आधार सेवाएं, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनसमस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के साथ ही डाडामंडी का गेंद मेला शुरू

**कोटद्वार ।** राजकीय ऐतिहासिक पौराणिक गेंद मेला सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति की ओर से डाडामंडी खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के साथ ही मेला आरंभ हो गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पंचायत सीला सीमा भंडारी ने किया। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि मेले के दौरान समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। पहले मैच में तोली महाबगढ़ इलेवन की टीम हराया। इस अवसर पर मेला समिति सचिव किशनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत, मुक.श बड़थ्वाल, सतीश देवरानी और प्रमोद चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### छात्रों ने लिया दंत चिकित्सा शिविर का लाभ

**श्रीनगर।** साइंस एंड आर्ट्स क्लब एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में चौरास स्थित हॉस्टल परिसर में एक नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 70 से अधिक छात्रों ने परामर्श लिया। शिविर में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. केके गुप्ता ने दांतों की जाँच एवं परामर्श दिया गया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अंकित उछोली व वर्तमान उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल ने इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों को छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रियंका खत्री ने किया।

# प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव में दिखी एकता की मिसाल

**■ अधिकांश पदों पर सर्वसम्मति से हुआ नई कार्यकारिणी का गठन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** न्यू टिहरी प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुए, जिसमें जिले के पत्रकार जगत ने एकजुटता का परिचय देते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया। वर्ष 2025-27 के लिए आयोजित इस चुनावी प्रक्रिया में संगठन के शीर्ष पदों पर आम सहमति देखने को मिली, जो पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय को दर्शाता है।

सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार अनुराग उनियाल को प्रेस क्लब का नया अध्यक्ष और विजय गुसांईं को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान कोषाध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य सभी महत्वपूर्ण पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया। इसमें उपाध्यक्ष पद पर अब्बल चंद रमोला, सहसचिव पद पर दीपक श्रीयाल और संप्रेक्षक पद पर रोशन थपलियाल को निर्विरोध चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जगत सिंह तोपवाल, मनमोहन रावत और यशपाल सजवाण का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया।

हालांकि, कोषाध्यक्ष पद के लिए सदन में लोकतांत्रिक तरीके से मतदान प्रक्रिया अपनानी पड़ी, जहां धनपाल गुनसोला और विजयपाल सिंह राणा के बीच सीधा और रोचक मुकाबला देखने को मिला।

कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में कुल 58 मतदाताओं में से 53 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद धनपाल गुनसोला को 33 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी विजयपाल सिंह राणा को 17 मतों से संतोष करना पड़ा। अंततः धनपाल गुनसोला ने 16 मतों के अंतर से जीत हासिल कर कोषाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कंडारी और सहायक चुनाव अधिकारी विजयराम गोदियाल ने निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विक्रम सिंह बिष्ट, गोविंद बिष्ट, जय प्रकाश पांडे, देवेंद्र दुमोगा, तेजराम सेमवाल, राजपाल सिंह गुसांईं, निवर्तमान अध्यक्ष शशि भूषण भट्ट, निवर्तमान महामंत्री गोविंद पुंडीर, बलबीर सिंह नेगी, गंगादत्त थपलियाल, मुकेश रतूड़ी और विजय दास सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पीपलकोटी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**चमोली।** बंड विकास पीपलकोटी मेले में आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम। बड़ी संख्या में मेलार्थियों ने किया स्थानीय उत्पादों की खरीददारी रही। बंड विकास औद्योगिक, पर्यटन, किसान एवं सांस्कृतिक मेले के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरजीत पंवार चमोली पुलिस अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि टीएचडीसी प्रबंधक केपी सिंह द्वारा किया गया। मेले में आज माँ नन्दा महिला रामलीला मांगल योग समिति रूद्रप्रयाग और बधाणी सांस्कृतिक कलामंच द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। आज शाम लोकगायक मुकेश हटवाल एवं लोक गायिका अर्चना सती द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मेले के दूसरे दिन रविवार को बड़ी संख्या में मेलार्थियों ने स्थानीय उत्पाद की जमकर खरीदारी की गई। जिससे मेले में रौनक लौटने लगी। इस अवसर पर बंड विकास संगठन के अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, संरक्षक, अतुल शाह, विजय मलासी, गजेन्द्र राणा, शंभू प्रसाद सती, हरीश पुरोहित,गुलाब सिंह, ताजवर नेगी, सुनील कोठियाल, दीपक पंत पीपलकोटी कांग्रेश के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र नेगी, गुरुबेंद्र नेगी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक ने कराई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के दूरस्थ तुनेटा भरदार क्षेत्र के रामलीला मैदान पर एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौड़ की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें 500 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और मुफ्त दवाइयां प्राप्त कीं।

इस दौरान हड्डी रोग, नाक-कान-गला, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा, सामान्य चिकित्सा और स्त्री रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की तथा आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचने में दूरी और व्यस्तता के कारण काफी परेशानी होती है। ऐसे में यह शिविर उनके लिए सच्चा वरदान साबित हुआ। मुख्य डॉक्टरों में डॉ. रचिता गर्ग, डॉ. सचिन चौबे, डॉ. सौरभ, डॉ. दिगपाल दत्त, डॉ. मारिषा पंवार, डॉ. नेहा, डॉ. चारु और डॉ. दिव्यांशु थपलियाल शामिल रहे। सहयोगियों पंकज नौटियाल, आकांश, रवि, शिवानी नेगी, प्रियंका, सुमित, अखिलेश रावत और नितिन राणा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आयोजक देवेंद्र गौड़ ने कहा कि ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए ऐसे शिविर नियमित आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सामुदायिक एकता बढ़ाने वाला बताया।


शिविर संयुक्त अस्पताल श्रीनगर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विमल गुसाईं के संरक्षण में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख रणबीर गुसाईं, गोविंद राम ध्यानी, विक्रम भंडारी, गोविंद सिंह नेगी, लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, भगत चौहान, भारत सिंह बंगारी, ललिता देवी, संजय बंगारी और भुवनेश्वरी चमोला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ।** नगर निगम के तहत बीईएल रोड़ स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया विद्यालय की ध्यान शिक्षिका वैशाली सिंह ने कहा कि ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति मिलती है। तत्पश्चात कक्षा पाँचवीं की छात्राओं ने कविता पाठ, कक्षा छठवीं की छात्राओं द्वारा गीत एवं कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा श्लोक पाठ किया गया तथा शिक्षक पंकज नेगी व प्रशांत तिवारी सहित क्षितिज, राजवीर, आराध्या, खुशी आदि ने भी ध्यान के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# नगर में ड्रेनेज समस्या का स्थायी समाधन

**■ 35 करोड़ की लागत से डीपीआर तैयार, शीघ्र शुरू होगा कार्य, ड्रेनेज प्रणाली से बढ़ेगी नगर की सुंदरता: चौधरी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही ड्रेनेज समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर के सभी सात वार्डों की ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की ड्रेनेज प्लान परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

जिला पंचायत सभागार में सिंचाई खंड ने परियोजना का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना नगर क्षेत्र की वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

योजना के अंतिम स्वरूप से पहले नगर पालिका के सभी जनप्रति. निधियों और स्थानीय नागरिकों से प्राप्त सुझावों को डीपीआर में शामिल किया जाएगा, ताकि परियोजना जनहितकारी और व्यावहारिक बने। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने बताया कि सीएम धामी के नेतृत्व में सरकार नगरों की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि ड्रेनेज प्लान परियोजना के लिए शीघ्र ही धनराशि आवंटित कर कार्य शुरू कराया जाएगा।

परियोजना पूरी होने से नगर की ड्रेनेज व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

उन्होने कहा कि बेहतर ड्रेनेज प्रणाली से न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि नगर की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से सुझाव देकर योजना को और प्रभावी बनाने में सहयोग करने की अपील की।

### विद्या मंदिर ने जीता उद्घाटन मैच

**श्रीनगर।** रोटरी क्लब अलकनंदा वैली श्रीनगर के तत्वावधान में रविवार को स्व. विमला जुगरान स्मृति में स्कूली बालक एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागी खिलाडियों को खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राइंका धद्दी घंडियाल और सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या मंदिर श्रीकोट ने 16 ओवरों में 94 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पिछा करने उतरी धद्दी घंडियाल की टीमने 10 विकेट खोकर 69 रन ही बना पाया। श्रीकोट की टीम ने 26 रनों से जीत दर्ज कि। मैंच में पवन ने 4 विकेट अपने नाम किया।

### महिला कांग्रेस ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# परिवर्तन की अगुआ बनेगी मातृशक्ति: कांग्रेस

■ महिलाओं को आगे लाकर ही उत्तराखंड को प्रगति के मार्ग पर ले जाया जा सकता: हरदा



**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के बंगाली कोठी स्थित एक रेस्टोरेंट में रविवार को कांग्रेस की और से एक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व कांग्रेस के राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने मातृशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में महिलाओं की भूमिका ऐतिहासिक और निर्णायक रही है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रदेश बेरोजगारी, महंगाई, पलायन और जनहित से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के बोझ तले दबा हुआ है, तब एक बार फिर राज्य की महिलाओं को आगे लाकर ही उत्तराखंड को प्रगति के मार्ग पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मातृशक्ति को सम्मान, अधिकार और नेतृत्व देने के लिए संकल्पबद्ध है।

कांग्रेस राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया ने कहा कि धर्मपुर विधानसभा वर्तमान में जन समस्याओं से त्रस्त है और यहां की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर विधानसभा में महिलाएं इस बार परिवर्तन की वाहक बनेंगी और वर्तमान भाजपा विधायक को पराजित कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजय दिलाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नववर्ष के अवसर पर शीघ्र ही धर्मपुर विधानसभा स्तर पर एक मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र की सक्रिय, संघर्षशील व प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर अनीता सकलानी, उमा पंवार, मंकला थापा, रजनी नेगी, स्वाति नेगी, बिपाशा बिष्ट, लक्ष्मी देवी, दीपा बिंजोला सहित कई महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता हरि प्रसाद भट्ट, ललित भद्री, विकास नेगी, आयुष सेमवाल, नरेश सकलानी, महेश जोशी, हेमंत उप्रेती, आदर्श सूद, गगन चाचर, अनिल नेगी, करण कनोजिया, दलबीर सिंह बर्थवाल, आनंद बिष्ट, अमन सिंह, अभय कथूरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा से शुरू हुई श्री घंटाकर्ण देवता की कथा

**देहरादून।** महालक्ष्मी वेडिंग पॉइंट में आयोजित श्री घंटाकर्ण देवता की कथा का शुभारंभ नागेश्वर शिवमन्दिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर यात्रा में शामिल हुई। ढोल नगाड़ों से यात्रा का आयोजन किया गया जिसके बाद पूजा अर्चना कर कथा प्रारंभ की गई। आचार्य पंडित विनोद कोठारी द्वारा मंत्रोच्चार से विधिवत पूजन कार्य किया गया। इस अवसर पर सजवान वंश हितकारनी कमेटी एवं श्री घंटाकर्ण श्रद्धालु समिति के अध्यक्ष त्रिलोक सजवाण हरेंद्र सजवान कुलबीर सजवान वीरेंद्र सजवान चित्रपाल सजवान सुमन सिंह सजवान जगमोहन सजवान संदीप सजवान दीवान सिंह सजवान नीलम सजवान सुषमा सजवान माया बीना किरण रिंकी बिंदु आदि शामिल थे।

# महासू सिद्ध पीठ थैना से खत अठगांव के आरा गांव पहुंचा महासू देवता का डोरिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में इष्ट देव महासू देवता को सर्वोपरि माना जाता है यहीं कारण है कि जौनसार बावर के लोग महासू देवता पर अटूट आस्था रखते है आज भी घर में कार्य संपन्न होने पर देवता को अपने घर प्रवास पर ले जाने की परंपरा चलती आ रही है।

रविवार को खत अठगांव के आरा गाँव निवासी प्रताप सिंह तोमर सिद्ध पीठ थैना से बोठा महासू महाराज के डोरिया (देव चिन्ह) को एक रात्री प्रवास पर अपने घर ले गए। आरा निवासी प्रताप सिंह तोमर ने बताया कि कई सालो पहले घर के बुजुर्गो ने महासू देवता मंदिर थैना में घर की सुख शान्ति एंव समृद्धी की कामना पूर्ण होने पर देवता के डोरिया को अपने घर एक रात प्रवास पर ले जाने की बात कही थी।

मनोकामना पूर्ण होने पर आरा निवासी प्रताप सिंह तोमर कुछ ग्रामीणों के साथ शनिवार शाम को थैना मंदिर पहुचे।

रविवार सुबह मंदिर से देव डोरिया को विधिवत बाहर निकाला गया। जिसके बाद महासू देवता मंदिर थैना से आरा गाँव के लिए प्रस्थान किया। देव डोरिया को महासू देवता मन्दिर थैना के ठाणी जज्जू सिंह तोमर, आरा गाँव निवासी जगत सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह, भाव सिंह, ग्यान सिंह, अभिषेक तोमर थैना से आरा गाँव तक 56 किलोमीटर पद यात्रा कर आरा गाँव पहुँचे। जहां परिवार के लोगों और ग्रामीणों ने देवता के डोरिया को धूप देकर सुख समृद्धि की कामना की।

# महिलाओं ने नशा विरोधी रैली निकाल किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता तहसील के ग्राम माखटी में महिलाओं ने नशा और जुए के खिलाफ एकजुट होकर माखटी बाजार में जागरूकता रैली निकालकर समाज को सशक्त संदेश दिया। रैली का नेतृत्व रणदेई देवी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान महिलाओं ने बाजार के व्यापारियों एवं आम नागरिकों से नशे से दूर रहने और समाज को स्वस्थ व सकारात्मक दिशा देने की अपील की।



रैली के दौरान महिलाओं ने कहा कि शराब, मादक पदार्थों और जुए की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण परिवारों में अशांति, घरेलू कलह और सामाजिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए क्षेत्र की महिलाएं अब संगठित होकर नशा एवं जुआ विरोधी अभियान को मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं।

महिलाओं ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति शराब या किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ बेचता अथवा सेवन करता हुआ, या जुआ खेलता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ शासन-प्रशासन से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

इस अवसर पर रणदेई देवी, प्यारो देवी, लक्ष्मी देवी, रुक्मा चौहान, ग्राम प्रधान प्रमिला चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य रेखा देवी, सुनीता देवी, गुड़ी राणा, प्रियंका चौहान, मालो देवी, जलमा देवी, सुरों देवी, पुनिता चौहान, सविता राणा, शिला देवी, रक्षा राणा, कमला देवी, नमिता देवी, आशा देवी, ग्राम प्रहरी गंभीर चौहान, रणवीर दास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीएनबी ने बच्चों को स्कूल बैग व स्टेशनरी किट बांटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** उमेर फाउंडेशन देहरादून के तत्वावधान में पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, चकराता को फर्नीचर सहित बच्चों को स्कूल बैग व स्टेशनरी किट प्रदान की। रविवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अलमारी, कुर्सी-मेज, डस्टबिन, पोडियम सहित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। पीएनबी ज्वालापुर हरिद्वार के शाखा प्रबंधक जयंत चौहान ने बताया कि बैंक अधिकारी उमेर फाउंडेशन के माध्यम से जरूरतमंद संस्थानों की सहायता कर रहे हैं। चकराता में कार्यकाल के दौरान विद्यालय की आवश्यकताओं को देखते हुए यह सहयोग किया गया, जिसके तहत एक लाख रुपये से अधिक का सामान उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम को छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन प्रधानाचार्य खजान सिंह ने किया।

## एक नजर .......

### गुरुनानक मिशन पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे

**विकासनगर।** शनिवार को गुरुनानक मिशन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का आयोजन हुआ जिसमें प्ले ग्रुप और नर्सरी के छोटे बच्चों ने कविताएं सुनाई और कमकपाती सर्दी में जिंदलबेल्स पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य बीएस राणा ने सभी बच्चों को ईसा मसीह के जन्म के बारे में जान कारी दी, और प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर हेमा, शशि, शालिनी, सुनीता, लता, रजनी, संतोषी, पूजा आदि उपस्थित थे।

### मोहित कालर व मीनाक्षी को पीएचडी की उपाधि

**काशीपुर।** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के शोध छात्र/छात्रा, मोहित कालरा को उनके शोध विषय एवं मीनाक्षी को उनके शोध विषय के काशीपुर ब्लॉक के विशेष संदर्भ में 2010 से वर्तमान तक पर कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। मोहित कालरा एवं मीनाक्षी ने अपना शोध राजनीति विज्ञान विभाग के (एचओडी) प्रो. (डॉ.) आदित्य प्रकाश सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर की राजनीति विज्ञान विभाग की संकाय अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) नीता बोरा एवं राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कल्पना अग्रहरि, राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर की प्राचार्य (डॉ.) सुमिता श्रीवास्तव तथा महाविद्यालय के समस्त अध्यापक एवं स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं प्रदान की गई।

### निरंकारी महिला संत समागम 24 को

**काशीपुर।** पटेल नगर स्थित निरंकारी भवन में विगत 42 वर्षों की भांति इस वर्ष भी निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन आगामी बुधवार, 24 दिसंबर को किया जाना सुनिश्चित हुआ है। आयोजन के अंतर्गत प्रातः 7.30 बजे से 9.00 बजे तक सेवादल रैली तथा 10.30 से दोपहर 1.30 तक सत्संग का कार्यक्रम देहरादून से आई हुई प्रचारिका बहन शीतल जी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। सत्संग के पश्चात निरंकारी बंधु राकेश जैन की ओर से गुरु के लंगर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। जानकारी देते हुए ब्रांच-काशीपुर (मुखी) राजेंद्र कुमार अरोरा ने समस्त निरंकारी बंधुओं से आयोजन में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

### खुले में सीवेज डालने पर प्राइवेट सीवर टैंक सीज

**काशीपुर।** महेशपुरा क्षेत्र स्थित बांसफोड़ान चौकी के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब एक प्राइवेट सीवर टैंक वाहन द्वारा सीवेज खुले में कूड़े के ढेर पर डाल दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस गंभीर लापरवाही की सूचना नगर निगम को दी। सूचना मिलते ही नगर निगम के स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक मनोज विष्ट मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित प्राइवेट सीवर टैंक वाहन को तत्काल सीज कर दिया गया। नगर निगम द्वारा मौके पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई तथा संबंधित वाहन चालक/स्वामी के विरुद्ध नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि इस प्रकार की लापरवाही से क्षेत्र में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है और नगर निगम ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाएगा।

### नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताए

**बागेश्वर।** लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने व नशे के दुष्प्रभावों को बताने के उद्देश्य से बीडी पांडे कैंपस परिसर बागेश्वर में बीएड विभागाध्यक्ष पंकज दुबे के नेतृत्व में बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने यह दर्शाया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को खोखला कर देता है। नाटक में युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। प्रशिक्षुओं ने अभिनय के माध्यम से नशे के कारण होने वाली पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष पंकज दुबे ने कहा कि युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# मदरसा फैजुल उलूम में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

■ 200 से अधिक लोगों ने कराया स्वास्थ्य प्रशिक्षण

■ कांवली वेलफेयर सोसाइटी की और से आयोजित हुआ शिविर



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांवली वेलफेयर सोसाइटी की और से ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से मदरसा फैजुल उलूम के परिसर में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर में ग्राफिक एरा हॉस्पिटल से आए अनुभवी डॉक्टरों व उनके मेडिकल स्टाफ ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच, परामर्श और आवश्यक चिकित्सीय मार्गदर्शन प्रदान किया। 200 से अधिक लोगों ने शिविर में पहुंच कर लाभ उठाया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान मदरसे में अध्ययनरत छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जागरूकता भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांवली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सय्यद मौहम्मद अरशी ने बताया कि कांवली वेलफेयर सोसाइटी न केवल सामाजिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्य कर रही है, बल्कि मदरसा फैजुल उलूम कांवली का संचालन भी सोसाइटी की और से ही किया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि मदरसा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान है, यहाँ धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ एनसीइआरटी पैटर्न के अनुसार आधुनिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है।

मदरसे के प्रधानाचार्य हाफिज शाह नजर ने आयोजन के लिए कांवली वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्राफिक एरा हॉस्पिटल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल स्थानीय नागरिकों, बल्कि मदरसे में अध्ययनरत छात्रों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

वरिष्ठ समाजसेवी जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने अपने वक्तव्य में कहा सामाजिक संस्थाओं की और से आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं और आमजन को सीधे लाभ पहुँचाते हैं। पार्षद रेनू देवी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर आयोजित चिकित्सा शिविरों से आम नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होती हैं, जिससे समाज अधिक सशक्त बनता है। डॉक्टरों व उनके सहयोगी मेडिकल स्टाफ को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मदरसे के अध्यापक, जामा मस्जिद कांवली के इमाम मुफ्ती मोहम्मद जाबिर, कारी नौशाद, कारी कामिल, पूर्व पार्षद राजेश पुंडीर, कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल खालिक, पूर्व सचिव निसारूद्दीन, गुलशेर अहमद, नईम अहमद, सोसाइटी के उपाध्यक्ष शौकीन अली, सचिव वसीम अहमद, कोषाध्यक्ष शाकिर अली, महताब अली, मोहम्मद सोहेल, आमिर सोहेल, शादाब सैफी, शिक्षिकाएँ ईशा परवीन, मुस्कान, आयशा व आफरीन आदि मुख्य रूप से मौजूद रही।

# आज से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में आगामी 22 दिसंबर से 29 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन धार्मिक आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा व्यास कथा प्रणरायणश्रम जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे।



आयोजकों के अनुसार यह कथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न होगा। कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति मार्ग और सनातन संस्कृति के मूल तत्वों का गूढ़ ज्ञान प्राप्त होगा। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान क्षेत्र में भक्ति, सत्संग और आध्यात्मिक चेतना का विशेष वातावरण रहेगा।

आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रेसवार्ता में कथा व्यास आचार्य प्रेमनारायण महाराज, ब्रह्मचारी महेश स्वरूप महाराज, प्रवीन गर्ग भी मौजूद रहे।

# खिताबत मुकाबले में खुबेब, असद, इरशाद व जुबैर ने मारी बाजी

■ अंजुमन तहजीबुल अखलाक का इस्लाही खिताबत मुकाबला संपन्न



**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** मदरसा जामीउल उलूम माजरा के छात्रों की अंजुमन तहजीबुल अखलाक का इस्लाही खिघ्ताबत मुकाबला रविवार को संपन्न हो गया।

मदरसा जामीउल उलूम के तत्वावधान में इखतितामी जलसा व इस्लाही खिताबत मुकाबले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम, मदरसा शिक्षक, अभिभावक, जमीअत के पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित इस्लाही खिघ्ताबत मुकाबले में मदरसा जामीउल उलूमे के छात्रों ने दीन, अखलाक, समाज सुधार और इस्लामी तालीम पर बेहद प्रभावशाली और आत्मविश्वास से भरे भाषण पेश किए। बच्चों की जबान, अंदाज-ए-बयान और विषय की गहराई को श्रोताओं ने खूब सराहा।

निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्रतियोगिता में अरबी चहारूम के छात्र मौ. खुबेब व असद ने अपने बेहतरीन भाषण से प्रथम स्थान हासिल किया। इरशाद ने शानदार प्रस्तुति के साथ द्वितीय स्थान, जबकि जुबैर ने उम्दा तकरीर करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जज की भूमिका तहफ्फज खतमे नुबुव्वत के जिला अध्यक्ष मुफ्ती वासिल कासमी, जामा मस्जिद धामावाला के इमाम व खतीब मुफ्ती हुजैफा कासमी व मौलाना सलमान नदवी ने निभाई। मदरसे के प्रबंधक मौलाना शाकिर कासमी व मौलाना ऐजाज अहमद कासमी मौजूद रहे।

इसके अलावा मुकाबले में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों ने भी शानदार अंदाज में भाषण देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जिनकी मेहनत और तैयारी की उलमा-ए-किराम ने खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उलमा-ए-किराम ने अपने संबोधन में बच्चों को इल्म के साथ-साथ अच्छे अखलाक अपनाने की नसीहत दी। अंत में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की दुआ की गई।

# सेपियंस स्कूल में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

### विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ कार्यक्रम का अयोजन अभिभावकों व शिक्षकों ने किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द सेपियंस स्कूल विकास नगर में शनिवार को कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं के लिए सदनावार वार्षिक एथलेटिक मीट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं,सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सभी सदनों के अभिभावकों, समस्त शारीरिक शिक्षकों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा रानी सपरा,रशिता सपरा, प्रबंधक श्री रविकांत सपरा एवं प्रधानाचार्य श्री नवीन तनेजा द्वारा मशाल प्रज्वलन एवं आकाश में गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इसके पश्चात खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं अनुशासन की शपथ लेकर प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, खेल कौशल एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता में छात्र और छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें उन्होंने 100, 200, 400, 800,1600, मीटर रेस, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद,स्लो साइकिल रेस, रिंग, थ्री लैग रेस आदि प्रतियोगिता में शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अन्य मनोरंजक खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सेपियंस विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा, स्कूल एकेडेमिक प्रमोटर नंदी बिष्ट, सुमालती उनियाल, अश्विनी कुमार, आरती, विकास, प्रियंका पराशर, सागर, गुरदीप सिंह, शिवकांत, श्वेता, संगीता शर्मा, रेशमा परवीन, खुशी राम जोशी, यशी बंसल, भावना गर्ग, शमीम खान, नेहा सिंह, प्रीति एंजेलिना, मानसी पाल, शिवकांत ने आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

### पांच दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**बागेश्वर।** खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दुग्ध डेयरी और दुग्ध वाहनों की चेकिंग की। स्वायत सहकारिता के माध्यम से संचालित आठ दुकानों में टीम ने गुणवत्ता की जांच की। पांच दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। उन्हे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। गुरुवार को क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर में बिक रहे दुग्ध समितियों की जांच की मांग की। उन्होंने दूध की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे। जिलाधिकारी को इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्य में टीम ने शनिवार को दुग्ध डेयरी कमेड़ी के अलावा दुग्ध समितियों की जांच की। उनके वाहनों की भी जांच की। आठ दुकानों में जांच के बाद पांच दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आज विकासनगर गुरुद्वारा में मनरूप चौरिटी एंड रिसर्च सेंटर इंडिया की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप 120 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्देश्य मानव सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर मनरूप चैरिटी एंड रिसर्च सेंटर इंडिया के अध्यक्ष हैप्पी सिंह ने बताया कि उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों को फ्री ऑफ कॉस्ट रक्त उपलब्ध कराती है और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज सेवा का यह कार्य किया गया है। कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# डीबीए हरिद्वार चुनाव में अध्यक्ष पद पर मजबूत नेता विजयी

- 115 मतों से जीत
- विजेता को 384 मत
- उपविजेता को 269 मत

**विवेक वर्मा शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** जिला बार एसोसिएशन हरिद्वार के अध्यक्ष पद के चुनाव में अधिवक्ताओं ने दुबारा जसमहेंद्र सिंह उर्फ मोंटू के नेतृत्व को चुना है। रोमांचक मुकाबले में अधिवक्ता जसमहेंद्र सिंह ने पूर्व डी.बी.ए अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता तरसेम सिंह चौहान को 115 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही बार एसोसिएशन की कार्य प्रणाली में काफी बदलाव होने की संभावना है एवं अधिवक्ताओं को एसोसिएशन से पारदर्शी कार्य की काफी उम्मीद है। मुख्य चुनाव अधिकारि प्रदीप पालीवाल व उनकी टीम ने सफलतापूर्वक एवं शान्ति व्यवस्था तथा निष्पक्षता के साथ दिनांक 19 दिसम्बर 2025 को चुनाव सम्पन्न कराया। मतगणना 20 दिसम्बर को सुबह 11:15 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक चली। सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अश्वनी सैनी ने सभी मतों का निष्पक्षता के साथ घोषणा की एवं सी.इ.ओ प्रदीप पालीवाल ने उपस्थित मतगणना अभिकर्ता को प्रत्येक बैलेट पेपर भी दिखाया तथा अन्य सहायक चुनाव अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निष्पक्षता पूर्वक निभाई। कुल 1003 मतदाताओं ने मतदान किया जबकि 88 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। सभी अधिवक्ताओं ने चुनाव अधिकारियों की सरहाना की। जानकारी के अनुसार विजयी अध्यक्ष प्रत्याशी लगभग छह माह से चुनाव जीतने की योजना पर निरंतर मेहनत व कार्य कर रहे थे। वर्ष 2025-2026 चुनाव से एक दिन पूर्व एक ऐसा समीकरण बन चुका था की अधिवक्ता जसमहेंद्र सिंह की जीत निश्चित थी। मतदाताओं ने बार चुनाव में बड़े आनंद से प्रतिभाग किया और अपने अनुभव व विचार अनुसार योग्य प्रत्याशी को मत दिया। हालांकि विजयी अध्यक्ष प्रत्याशी को सभी समाज से समर्थन व मत मिला जिस कारण भी जीत सुनिश्चित हुई। अधिवक्ताओं ने बताया कि अध्यक्ष जसमहेंद्र सिंह का सभी अधिवक्ताओं के प्रति विनम्र स्वभाव और अधिवक्ताओं के हित के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सदैव इच्छुक रहते हैं। पूर्व में भी बार एसोसिएशन हरिद्वार के अध्यक्ष पद पर सेवा दे चुके हैं तथा अनेकों उत्कृष्ट कार्य अधिवक्ताओं के हित में किए हैं अधिवक्ता जसमहेंद्र सिंह की पहचान एक मजबूत नेता के रूप में होती हैं। अध्यक्ष पद पर जीत के बाद जसमहेंद्र सिंह ने कहा की मेहनत, लगन और निष्पक्षता से अधिवताओं के हित के लिए उत्कृष्ट कार्य करूंगा एवं हरिद्वार बार एसोसिएशन का नाम रोशन करूंगा तथा अपने अधिवक्ता साथियों के हित के लिए किसी भी समय सेवा देने के लिए तत्पर रहूँगा। सभी अधिवक्ताओं ने हर्षोल्लास से अधिवक्ताओं द्वारा चुने गए अध्यक्ष जसमहेंद्र को माला पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया एवं आतिशी बाजी भी हुई। जल्द ही शपथग्रहण समारोह का आयोजन होगा। नव अध्यक्ष को बधाई देने के दौरान पूर्व डी.बी.ए हरिद्वार अध्यक्ष नमित शर्मा व सचिव सतीश चौहान, अधिवक्ता गोपेश्वर, विमल कुमार, विवेक वर्मा, राहुल कुमार, मीनाक्षी वर्मा, राव शबाहत अली, रियाजुल हसन, तनवीर भारती, निमित वासन, फिरोज खान, दीक्षा, हिमांशु वर्मा, संजीत कुमार, विनय गर्ग, अंशुल सिंह, रोहित कनवाल, स्मिता वत्स, नीरज पाल, सचिन बेदी, शशांक, सन्नी, सभी चुनाव अधिकारी एवं सभी चुने हुए पदाधिकारी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# बार एसोसिएशन चुनाव में दीक्षित को 603 मत मिले

## कार्यकारिणी सदस्यों में अधिकतम वोट से जीतने में सफल

- गुरु के अनुभव व सलाह की अहम भूमिका

**विवेक वर्मा शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** डी.बी.ए हरिद्वार के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में ग्यारह प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। चुनाव सफलतापूर्वक 19 दिसंबर 2025 को सम्पन्न हुआ था। सभी प्रत्याशियों में से नियमानुसार दिनांक 20 दिसंबर 2025 को मतगणना के पश्चात सात प्रत्याशी चुनें गए। कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव काफी रोमांचक रहा। मतगणना के दौरान कभी कुछ प्रत्याशियों के मत में बढ़ोतरी तो कभी घटोतरी होती रही है जिस कारण कुछ प्रत्याशी चिंतित हुए तो कुछ खुश हुए सभी प्रत्याशियों ने अपनी ओर से कड़ी मेहनत की और चुनाव जीतने का प्रयास किया लेकिन ग्यारह में से जिन सात प्रत्याशियों को सबसे ज्यादा मत मिला उन्ही को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य प्रत्याशी दीक्षित सिंह राठौड़ के चुनावी परिणाम ने सभी को आश्चर्य चकित किया। अधिवक्ता दीक्षित को 603 मत मिले जो की सभी कार्यकारिणी सदस्यों के चुनावी परिणाम में अधिकतम मत है गौरतलब है की दीक्षित को उनके गुरु पूर्व डी.बी.ए हरिद्वार सचिव सतीश चौहान के अनुभव व सलाह अनुसार चुनावी जीत की योजना बनाने में पूर्ण समर्थन मिला। हालांकि अधिवक्ताओं ने बताया कि दीक्षित ने भी अपनी ओर से कड़ी मेहनत की थी जिसका परिणाम सकारात्मक रहा जिस कारण भी दिक्षित को चुनाव में विजय मिली तथा सभी समाज के मतदाताओं ने दीक्षित के समर्थन में मत किया। अधिवक्ता साथियों ने यह भी बताया कि दीक्षित विनम्र स्वभाव के है और सबसे मिलते जुलते रहते है सबके प्रति मधुर व्यवहार है जिसका लाभ उन्हें चुनाव परिणाम में मिला है पूर्व वर्ष के डी.बी.ए हरिद्वार के चुनाव में काजल सैनी को लगभग 483 मत मिले थे जो की कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में सबसे अधिक थे। दीक्षित ने कहा कि शपथग्रहण समारोह के पश्चात अधिवक्ताओं हित के लिए निष्पक्षता से कार्य करूँगा। दीक्षित ने अपने गुरु वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चौहान का तहे दिल से धन्यवाद किया व सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं साथी अधिवक्ताओं का पूर्ण समर्थन के लिए आभार जताया।



# जेआईटीओ स्थापना दिवस समारोह आयोजित

## समाजसेवी संदीप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने

- महिला विंग व यूथ विंग के अध्यक्ष चुने गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के उत्तराखंड प्रभाग का स्थापना समारोह बहादराबद स्थित होटल में आयोजित किया गया। स्थापना समारोह में वरिष्ठ उद्योगपति व समाजसेवी संदीप जैन को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, पीयूष जैन को उपाध्यक्ष व नितिन जैन को मुख्य सचिव की शपथ दिलायी गयी। इसके साथ ही महिला विंग व यूथ विंग की स्थापना भी की गयी। अर्चना जैन को महिला विंग की अध्यक्ष व सौरभ जैन को यूथ विंग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी गयी। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन उत्तराखंड प्रभाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि जैन समाज के दर्शन से प्रेरित जे.आई.टी.ओ केवल संगठन नहीं बल्कि एक विचार है और विश्वपटल पर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संगठन में नैतिकता के साथ आर्थिक उन्नति, समर्पण के साथ सेवा एवं लोकहित को ध्यान में रखकर विनम्रता एवं ज्ञान के साथ व्यापार को सदृढ़ बनाने के प्रयास किये जाते हैं। सभी पदाधिकारी व सदस्य मिलकर राष्ट्रनिर्माण व लोक-कल्याण की भावना के साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का पालन करें और समाज में नए अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण, ज्ञान का विस्तार व सेवा का समर्पण संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। उद्यमिता को साधन बनाकर शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप समर्थन, स्वास्थ्य और समाजसेवा में ठोस योगदान देना ही जे.आई.टी.ओ की पहचान है। उत्तराखंड जैसे आध्यात्मिक और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध राज्य में जे.आई.टी.ओ की भूमिका केवल व्यापारिक नेटवर्किंग तक सीमित नहीं होगी बल्कि यह वैल्यू बेस्ड ग्रोथ मॉडल का उदाहरण बनेगा। जहां निर्णय लाभ से नहीं विवेक से लिए जाएंगे। उपाध्यक्ष पीयूष जैन ने कहा कि जे.आई.टी.ओ किसी एक वर्ग या व्यवसाय का मंच नहीं है। बल्कि मूल्यों पर आधारित नेतृत्व आंदोलन है। समाज में सात्विकता और पवित्रता के साथ व्यापार को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाना है और इसी दिशा में हम सभी प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर जे.आई.टी.ओ एपेक्स के चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, जनरल सेक्रेटरी ललित डांगी एवं विशेष अतिथी एपेक्स वर्किंग कमेटी के नरेंद्र समर, जे.आई.टी.ओ नॉर्थ जोन के एपेक्स डायरेक्टर एवं चेयरमैन रमन जैन, वाइस चेयरमैन राजकुमार जैन एवं पारसमल जैन, ज्वाइंट सेक्रेटरी अर्पित जैन, अभिषेक वैद्य, लेडीज विंग की कन्वेनर सुरभि जैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।




# प्रदेश उपाध्यक्ष ने मंदिर सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्मशान घाट परिसर में टाइल्स कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं बताने को कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की सरकार में मूलभूत सुविधाओं के लिए तत्काल और निरंतर काम हो रहे हैं। रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष ने दो कार्यो का शुभारंभ किया। जिसमें ग्राम अम्बूवाला में जिला पंचायत सदस्य सविता के प्रस्ताव पर शिव मंदिर प्रांगण के सौंदर्यीकरण के कार्य और बी.डी.सी चंद्रकिरण के प्रस्ताव पर बहादरपुर जट्ट स्थित श्मशान घाट के परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स के कार्य का भी शुभारंभ किया। इस दौरान स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि धामी सरकार ने किसानों को गन्ना मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि कर 405 रुपये क्विंटल, किसान सम्मान निधि के साथ तमाम सब्सिडी देकर आगे बढ़ाने का काम किया। नागरिकों को बेटी की शादी के लिए अनुदान हो या इलाज के लिए आयुष्मान योजना से पांच लाख का मुफ्त इलाज, अन्य वर्ग के लिए भी तमाम सुविधाओं के साथ मूलभूत सुविधाओं के लिए काम किए जा रहे हैं। वहीं इस दौरान ब्लॉक उप प्रमुख धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर जन समस्याएं सुनी और उनके निवारण का आश्वसन दिया। धर्मेंद्र प्रधान ने स्वामी यतीश्वरानंद का आभार जताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के निरंतर काम हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, जिला पंचायत सदस्य सोहनवीर पाल, जिला पंचायत प्रतिनिधि अरविंद कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बालम नेगी, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, मंडल महामंत्री बलवंत पवार, श्रवण कुमार, बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति चेयरमैन पंकज सैनी, अंकित चौहान, कुलदीप चौहान, रेशु चौहान, अधिवक्ता राहुल चौहान आदि सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए सुझाव एवं शिकायत भी कर सकेंगे आमजन

## सीडीओ के पर्यवेक्षण में संचालित होगा कन्ट्रोल रूम

- विकास भवन के कर्मियों की ड्यूटी लगेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने अवगत कराया कि जनपद में वृहद स्वच्छता अभियान के सफलता के लिए किसी भी व्यक्ति के सुझाव एवं किसी शिकायत एवं समस्या के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि कन्ट्रोल रूम के सफल संचालन के लिए विकास भवन के कई विभागों के कर्मियों के आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं जिनकी रोस्टरवाइज डियूटी लगाई गई है। इस मोबाइल नंबर 8273371714 पर जनपद व अन्य कोई भी नागरिक अपने सुझाव के साथ शिकायत भी कर सकेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी सी.एम.त्रिपाठी स्वजल को बनाया गया है घ्एवं इसकी मॉनिटरिंग जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश द्वारा की जाएगी। वृहद स्वच्छता अभियान में नागरिक इस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8273371714 पर शिकायत और सुझाव देंगे। अभियान के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी गंदगी अगर है तो इसकी सूचना दी जाएगी। इस नंबर पर मिली शिकायतों को कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित विभाग को सूचित किया जाएगा। शहर में होगा तो नगर निगम समेत अन्य जिम्मेदार को ग्रामीण में होगा तो ब्लॉक स्तर से लेकर जिला पंचायत और ग्राम पंचायतों को स्वच्छता के लिए तत्काल निर्देशित किया जाएगा। कंट्रोल रूम कार्य दिवस में मिलने वाली सूचनाओं और सुझाव की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की मंशा है कि स्वच्छता का वृहद अघ्भियान न केवल सीमित समय के लिए है बल्कि इसे अनवरत जारी रखने के लिए यह प्रयास किया गया है। इसके तहत समय-समय पर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट भी मिलती रहेगी। इसमें जन सहभागिता और जागरूकता ही जिले और प्रदेश को स्वच्छ बनाने में सार्थक साबित होगा इसमें विभागों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है।

# रैतिक परेड व भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## सेवानिवृत्त होमगार्ड को उत्कृष्ट कर्तव्य के लिए एक लाख मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय में रविवार को होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। रैतिक परेड और भव्य उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला एवं पुरुष होमगार्ड जवानों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य और गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं जिसने समारोह में उत्साह और देशप्रेम का रंग घोल दिया। होमगार्ड जुगुणियां बैंड ने अपने मनमोहक और सधे हुए प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। मंडलीय कमांडेंट गौतम कुमार ने मुख्य अतिथि सहित वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संगठन की उपलब्धियों और सेवाभाव पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होमगार्ड जवानों को उत्कृष्ट सेवा योगदान के लिए एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर जवानों में गर्व और उत्साह दिखाई दिया। राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि आपदा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सेवा में होमगार्ड्स की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने वाली यह फोर्स जनता के भरोसे की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार जवानों के कल्याण और सुविधाओं को लेकर निरंतर प्रयासरत है। मंडलीय कमांडेंट गौतम कुमार ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होमगार्ड संगठन आगे भी सेवा, सुरक्षा और अनुशासन के संकल्प के साथ कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के. जेड. अंसारी, विनोद कुमार, गंभीर बिष्ट, मीना रावत, पूजा चौहान, जय भगवान सैनी, जितेंद्र सिंह शेर सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व होमगार्ड जवान मौजूद रहे।




# सड़क दुर्घटनाओं के विषय पर चर्चा

## एक्सीडेंट के पश्चात पहला एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण

- घायल व्यक्ति कि त्वरित मदद करें
- कोहरे के दौरान रिफ्लेक्टर का प्रयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यातायात निरीक्षक संदीप सिंह नेगी द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, दि नेशनल हेल्पिंग हैंड एवं यातायात पुलिस हरिद्वार के संयुक्त रुप से ग्राम सलेमपुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को यातायात नियमों के पालन के महत्व से अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है इसलिए नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक साइन बोर्ड एवं ट्रैफिक लाइट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कोहरे के मौसम, ओवर-स्पीडिंग एवं लापरवाह ड्राइविंग के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के विषय में चर्चा कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई। कार्यक्रम में दुर्घटना के उपरांत गोल्डन आवर की अवधारणा को समझाते हुए बताया गया कि दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। जिसमें समय पर सहायता मिलने से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त गुड समरिटन (राह-वीर) योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले अच्छे सेमेरिटन के कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा प्रावधानों के विषय में भी लोगों को अवगत कराया गया। सर्दियों के मौसम में कोहरे के दौरान रिफ्लेक्टर का प्रयोग अवश्य करें व यातायात नियमों पर विशेष विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में जीवन रक्षक योजना के बारे में भी जानकारी दी गई तथा आमजन से अपील की गई कि वे सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें



# शांति व्यवस्था भंग कर रहे उपद्रवियों पर कार्रवाई के आदेश : एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल द्वारा स्पष्ट शब्दों में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि शांति व्यवस्था भंग कर रहे तत्व चाहे ये कृत्य नशे की हालत में किए गए हों या सामान्य हालत में ऐसे तत्वों से सकती से निपटा जाए। उक्त दिशा निर्देश के पालन करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस ने नमामि गंगे घाट से तीन आरोपियों करतार सिंह पुत्र हरपाल, गुरूवचन सिंह पुत्र रामलाल और राजीव पुत्र चेतराम निवासी संभल, उत्तरप्रदेश को गंगा किनारे मदिरापान कर हुडदंग मचाते हुए दबोचा। सभी आरोपित को पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई की सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस टीम की ओर से मनोज रावत, अनिल रावत और पंकज कुमार ने आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की।



# क्रिसमस कार्यक्रम के विरोध का ऐलान : उज्जवल पंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री गंगा सभा के गंगा सेवक दल के सचिव उज्जवल पंडित ने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित होटल भागीरथी में 24 दिसम्बर को होने वाले क्रिसमस कार्यक्रम का विरोध करने का ऐलान किया है। प्रैस को जारी बयान में उज्जवल पंडित ने कहा कि गंगा तट पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम का कड़ा विरोध किया जाएगा। किसी भी सूरत में हिन्दू विरोधी धर्म वालों के कार्यक्रम गंगा की भूमि पर आयोजित नही होने दिए जाएंगे। उज्जवल पंडित ने कहा कि उत्तर प्रदेश हिन्दू पर्वो का केंद्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिन्दू धर्म के ध्वजवाहक बन चुके हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा गंगा तट पर संचालित होटल भागीरथी में क्रिसमस का आयोजन हिन्दू धर्मावलंबियों को सीधे चुनौती है। ऐसे आयोजन को बर्दाशत नही किया जाएगा।



# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से संन्यास दीक्षा लेंगे नरेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा और आम आदमी पार्टी में प्रमुख पदों पर रहे नरेश शर्मा जल्द ही दीक्षा प्राप्त कर सन्यास जीवन की शुरूआत करेंगे। सन्यास दीक्षा के बाद उन्हें स्वामी नरेशानंद पुरी के नाम से जाना जाएगा। रविवार को नरेश शर्मा ने निरंजनी अखाड़े पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। महाराज ने मां मनसा देवी की चुनरी एवं चित्र भेंटकर नरेश शर्मा को आशीर्वाद दिया। महाराज ने कहा कि योग्य एवं सरल व्यक्तित्व के स्वामी नरेश शर्मा संत समाज से विशेष लगाव रखते हैं। पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक दायित्व को भी अच्छे से निभाते हैं। महाराज ने कहा कि नरेश शर्मा को जनवरी में सन्यास दीक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संत का व्यक्तित्व समाज हित में होना चाहिए। समाज सेवा ही व्यक्ति के आचरण को दर्शाती है। नरेश शर्मा ने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज सनातन संस्कृति की पताका को देश दुनिया में फहराने के साथ मानव कल्याण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। युवा पीढ़ी को भी हिंदू संस्कृति से प्रेरित करते हैं। शर्मा ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हे निरंजनी अखाड़े और अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सन्यासी बनने के बाद श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में अखाड़े की परंपरांओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में धर्म संस्कृति और अध्यात्म का प्रचार करना ही उनका उद्देश्य होगा।



# अटल स्मृति वर्ष व वीर बाल दिवस पर कार्यक्रमों की कार्यशाला का आयोजन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 21 दिसम्बर को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जगजीतपुर पर अटल स्मृति वर्ष व वीर बाल दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा और संचालन जिला महामंत्री संजीव चौधरी और हीरा सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला प्रभारी अनिल गोयल जी रहे। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सेवा और समर्पण है भाजपा के कार्यकर्ता सेवा और समर्पण को लेकर कार्य करते हैं। ऐसे ही मां भारती के सपूत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म जयंती के अवसर पर पार्टी द्वारा अनेको कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपेई ने राजनीति में सेवा, समर्पण और सुचिता को सुशोभित किया था। उन्होंने राजनीतिक पारदर्शिता और मूल्य पर आधारित राजनीति करते हुए अपनी सरकार को एक वोट से गिरना स्वीकार किया। परंतु राजनीतिक मूल्यों को नहीं छोड़ा। उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी सरकार के अनेकों ऐसे कार्यों की प्रशंसा की जो जनता के हित में थी। उनकी जन्म जयंती पर प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मनाएगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला हरिद्वार भाजपा प्रभारी अनिल गोयल ने बताया कि भाजपा का कार्यकर्ता दृढ़ता ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने कार्यक्रम को करने के लिए खड़ा हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता 24 घंटे सातों दिन राष्ट्र सेवा के कार्यों में जुटा रहता है और उन्हें जो भी कार्य दिए जाते हैं वह उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का काम करता है। भाजपा सरकार के द्वारा जन-जन के लिए कार्य किया जा रहे हैं और पूर्ण विश्वास है कि आने वाली 2027 में विधानसभा चुनाव भारी बहुमत से जीतकर तीसरी बार भाजपा प्रदेश में अपनी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को अटल स्मृति वर्ष के रूप में मनाने जा रही है। इन कार्यक्रमों में 24 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेईजी की जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक कार्यकर्ता उनके चित्र के सामने दिया जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करेंगे। नगर निगम और विधानसभा में स्वच्छता के कार्यक्रम चलाकर चौराहा और सड़कों को स्वच्छ करने का कार्य किया जाएगा। उनके जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिससे कि अटल बिहारी वाजपेई के जीवन के बारे में बच्चे जान सके। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस पर प्रतियोगिता और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सह प्रभारी भाजपा दीपक धमीजा ने बताया कि 26 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी वीर बाल दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। जिन्होंने अपने धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए हंसते-हंसते अपने परिवार को कुर्बान कर दिया वीर बाल दिवस पर भाजपा के कार्यकर्ता गुरुद्वारा में शब्द कीर्तन में भाग लेंगे और वीर बालकों को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, मोर्चा प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक सचिन अग्रवाल,राज्य मंत्री डॉ जयपाल चौहान ,सुनील सैनी, विकास तिवारी, मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, विपिन शर्मा, प्रशांत कुमार, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौहान,मोहम्मद परवेज, राकेश सैनी, मोहित वर्मा, विक्रम चौहान ,सौरभ चौहान, उमेश पाठक, विनीत जोली, सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म के मामले में नामजद अभियुक्त दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** 12 दिसंबर को वादिनी की तहरीरी सूचना के आधार पर कोतवाली बाजपुर में थाना क्षेत्र बाजपुर के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में आशिफ पुत्र मुख्त्यार निवासी मुडियामनी, राशिद पुत्र मुख्त्यार निवासी उपरोक्त, शादाब, इरशाद हाजी, सलमान तथा मुख्त्यार को नामजद किया गया था।

मुकदमे की विवेचना महिला उपनिरीक्षक प्रियंका टम्टा द्वारा की जा रही है। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा 376 आईपीसी तथा 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर एवं पुलिस अधीक्षक काशीपुर के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में विवेचक प्रियंका टम्टा द्वारा नामजद अभियुक्त आशिफ पुत्र मुख्त्यार निवासी मुडियामनी उम्र लगभग 22 वर्ष, को रविवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका टम्टा, कांस्टेबल मोहम्मद इरफान आदि शामिल थे।

# मंदिर पर कब्जे को लेकर बवाल

■ विधायक की मौजूदगी में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** किच्छा मार्ग पर स्थित भुज समाज के इष्ट देव चन्द्र देव मंदिर पर एक व्यक्ति द्वारा किए जा रहे कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच बवाल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में ही दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट से वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। पुलिस ने बमुश्किल दोनों पक्षों को शांत कराया।

बताया जाता है कि किच्छा मार्ग पर स्थित एक भूखण्ड पर भुज समाज का कई दशकों पूर्व बना चन्द्र देव मंदिर है। जहां भुज समाज के लोग पूजा अर्चना करने आते हैं। आज रविवार मौके पर पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने बताया कि



इस मंदिर पर एक भू माफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है। वह न्यायालय का एक आदेश दिखाकर पुलिस को साथ लेकर मंदिर की चाबी अपने कब्जे में लेना चाह रहा है और उसने मंदिर में कुछ दबंग लोगों को बैठा दिया है। उन्होंने बताया कि भुज समाज के लोगों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वह यहां आए तो देखा मंदिर में ताला लगा हुआ है और भुज समाज के लोगों को मंदिर में पूजा के लिए रोका जा रहा है। जब वह मामले की जानकारी ले रहे थे इसी दौरान वहां मौजूद दोनों पक्षों बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। विधायक अरोरा ने बताया कि दो दिन पूर्व उस व्यक्ति द्वारा मंदिर के नीचे बने कमरे का ताला तोड़कर सामान निकाल कमरे पर कब्जा कर लिया गया, जो गलत है। किसी की धार्मिक भावनाओं को इस प्रकार से ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी। श्री अरोरा ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन करवाया जाएगा। मौके पर मौजूद रम्पुरा चौकी प्रभारी कविन्द्र शर्मा को भी विधायक शिव अरोरा ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर पार्षद गिरीशपाल, चन्द्रसेन चंदा, राजू कोली, बिट्टू शर्मा, राजकुमार कोली, प्रमोद शर्मा, जॉनी भाटिया, सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, राज कोली महेश कोली, त्रिलोक कोली सुदामा कोली, किरण विर्क, अरविन्द गंगवार, सुनील यादव, मनोज मदान, नमन चावला, विक्की वाल्मीकि, रवि दिवाकर,मयंक कक्कड़, जीतेन्द्र संधू, प्रभजोत, वासु गुम्बर, मुकेश भुर्जी, रामवतार, प्रेम कुमार, सुनीता देवी, मीना, कविता रानी, प्राची, लीलावाती, सुधा, पूजा, राजवती, सुलेखा, ओम. वती, राजलक्ष्मी, मीनाक्षी व बड़ी संख्या मे अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# अटल स्मृति वर्ष व वीर बाल दिवस की जिला कार्यशाला संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में अटल स्मृति वर्ष व वीर बाल दिवस की जिला कार्यशाला का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ।



कार्यशाला में निर्मल माहरा जिला सह प्रभारी ने बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित होकर इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के करणीय कार्यों को गंभीरता पूर्वक सभी लोगों को बताए। कार्यशाला में जितेंद्र प्रसाद, दीपिका बोहरा, दामोदर भट्ट, राकेश देवलाल, कोमल मेहता, इंद्र सिंह लुंठी, दिवाकर जोशी सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भरतपुर-मेघावाला मंडल में सक्रिय सहभागिता निभाने पर हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** भाजपा भरतपुर-मेघावाला मंडल के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए चर्चा की। इस दौरान तय किया कि आगामी एसआईआर प्रक्रिया में कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाएंगें। उन्होंने अपने बूथों पर प्रत्येक व्यक्ति का प्रपत्र भरवाने का आह्वान किया।



मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर की अध्यक्षता में रविवार को जगतपुर पट्टी स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में प्रत्येक बूथ पर बीएलए-2 बनाने की प्रक्रिया को समझाया गया। इस दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यों को चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी है। भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता को भी संगठन में बड़े दायित्व की जिम्मेदारी मिल जाती है। उन्होंने भाजपा के काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज का उदाहरण दिया। संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। संचालन मंडल महामंत्री हरप्रीत सिंह हैप्पी ने किया। वहां पर डॉ.यूनुस चौधरी, सतपाल जाटव, अंकुर कुमार, राजू ठाकुर, सचिन बाटला, अनुज शर्मा, सुरेश लोहिया, नवल सिंह, परमजीत सिंह, अभिषेक आर्य, मोहम्मद शाहिद, कुलदीप सिंह, लक्ष्मी भंडारी, जितेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना से मृतक के परि. जनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



रविवार प्रातः लगभग साढ़े आठ बजे मुंडिया कला निवासी 16 वर्षीय मोहम्मद शाहिल पुत्र मोहम्मद शरफुद्दीन बाइक से बाजपुर से बरहैनी की ओर अपनी खाला (मौसी) को लेने जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच नैनीताल स्टेट हाईवे पर दूधिया कॉलोनी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल किशोर को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना



की जानकारी मिलने पर मुंडिया कला के ग्राम प्रधान लियाकत अली सहित बड़ी संख्या में परिजन व ग्रामीण सरकारी अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। बताया गया कि मोहम्मद शाहिल चार-पांच दिन पूर्व ही हैदराबाद से अपने घर आया था, जहां वह एक सैलून में काम करता था। वह छह भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उसी पर थी। मृतक के पिता भी मेहनत मजदूरी का कार्य करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किशोर की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# टनकपुर में सरकार जनता के द्वार

■ भव्य जनसेवा शिविर में 3636 से अधिक लोगों को मिला योजनाओं का सीधा लाभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" के तहत टनकपुर के गांधी मैदान में आयोजित बहुद्देशीय जनसेवा शि. विर में शासन-प्रशासन सीधे आमजन के बीच पहुँचा। शिविर की अध्यक्षतान्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय ने की।



एक ही छत के नीचे 30 से अधिक विभागों की मौजूदगी में हजारों ग्रामीणों को मौके पर ही विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिला। शिविर के माध्यम से 3636 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया, जिससे यह आयोजन जिले के सबसे सफल जनसेवा कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

शिविर में 183 मनरेगा जॉब कार्ड, 22 बीपीएल प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा वृद्धा व विधवा पेंशन के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेत्र व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक परामर्श, कृषि, श्रम, खाद्य पूर्ति, उद्योग, सहका. रिता, पशुपालन सहित अनेक विभागों ने सेवाएं प्रदान कीं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शिविर में प्राप्त 100 से अधिक शिकायतों में से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह ने स्थानीय उत्पादों, स्वरोजगार से जुड़े कार्यों एवं विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर लोककल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, आशीष नैथानी, राकेश थपलियाल, रविन्द्र मैठाणी, जिला न्यायाधीश अनुज कुमार सांगल, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभार्थी मौजूद रहे।

# मानकों की अनदेखी कर जर्जर मार्गो से दौड़ रहे सामग्री ढोने वाले खनन वाहन

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** खनन माफियाओं के बेखौफ चलने वाले खनन कार्य से आम जनता परेशान है। जनता चाहती है कि खनन कार्य बेरोक-टोक चलें, किंतु खनन सामग्री ढोने वाले वाहन स्वामी खनन सामग्री ढक कर ले जाएं। इसके साथ ही खनन सामग्री जिस मार्ग से लाई लेजाई जाती है वहां जल छिड़काव कर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें।



वर्तमान में खनन कार्य में जुटे खनन माफिया खनन सामग्री खटीमा-पीलीभीत जर्जर मार्ग से ढो रहे हैं। आम जनता खनन कार्य में लगे रसूखदार लोगों से कुछ कहने की स्थिति में नहीं रहती है। लेकिन तेज रफ्तार से दौड़ने वाले खनन सामग्री ढोने वाले वाहन आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन चुके हैं। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने बताया कि वर्तमान में ईंट भट्टों के लिए जिला स्तर पर खनन कार्य की स्वीकृति मिली है। पीलीभीत रोड से मानकों की अनदेखी कर खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों की जांच पड़ताल होगी। एसडीएम सैनी ने कहा कि खनन सामग्री ढककर न ले जाना मानकों की अनदेखी है। ऐसे वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सस्ते चीनी अखरोट के नाम पर उपभोक्ताओं से छल

■ पहाड़ी बताकर बेचा जा रहा विदेशी माल
■ बाजार में धड़ल्ले से चल रहा खेल, प्रशासन मौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर/ चम्पावत।** जनपद के बाजारों में इन दिनों चीनी अखरोट की खुलेआम बिक्री ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि कई दुकानदार विदेशी और कम गुणवत्ता वाले चीनी अखरोट को कश्मीरी व पहाड़ी अखरोट बताकर ऊँचे दामों पर बेच रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ता ठगा जा रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि दुकानों में बिक रहा अखरोट आकार में असामान्य रूप से बड़ा, रंग में सफेद और इतना मुलायम है कि हाथ से ही टूट जाता है। स्वाद में यह अखरोट फीका है और इसमें तेल की मात्रा बेहद कम पाई गई, जबकि पहाड़ी अखरोट पहचान में सख्त, गहरे रंग का और स्वाद में



तैलीय होता है।

सूत्रों के अनुसार, चीनी अखरोट थोक में बेहद कम कीमत पर मंगाए जा रहे हैं, जिन्हें स्थानीय नाम देकर बाजार में खपाया जा रहा है। यही कारण है कि उपभोक्ताओं को सस्ते दाम का झांसा देकर या पहाड़ी बताकर दोगुने दाम वसूले जा रहे हैं। यह सीधे तौर पर उपभोक्ता संरक्षण कानून और खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। हालांकि वैज्ञानिक रूप से चीनी अखरोट पूरी तरह नकली नहीं होते, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि बाजार में बिक रहे कई अखरोट पुराने स्टॉक, कम तेल वाले या घटिया श्रेणी के हैं। ऐसे अखरोट न तो स्वाद में खरे उतरते हैं और न ही पौष्टिकता में पहाड़ी अखरोट का मुकाबला कर पाते हैं।

## प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग की टीम आखिर कहां है?

क्या बाजार में बिक रहे अखरोट की गुणवत्ता की जांच हो रही है?

क्या दुकानदारों से माल का स्रोत और आयात से जुड़ा विवरण मांगा गया?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब तक किसी भी दुकान पर न तो जांच हुई और न ही चेतावनी, जिससे मिलावटखोरों और मुनाफाखोरों के हौसले बुलंद हैं।

## ऐसे करें खुद बचाव

अखरोट को पानी में डालकर परखें-अच्छा अखरोट डूबेगा।

बहुत सफेद, बड़े और आसानी से टूटने वाले अखरोट से सावधान रहें।

स्वाद में कड़वाहट या फीकेपन को नजरअंदाज न करें।

दुकानदार से साफ पूछें-देशी या आयातित?

जांच की मांग तेज

उपभोक्ताओं और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल विशेष जांच अभियान चलाकर चीनी अखरोट को पहाड़ी बताकर बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि जनता के स्वास्थ्य और जेबख़्रदोनों की रक्षा हो सके।

# जसपुर में न्याय पंचायत स्तर 24 से होगा स्थानीय खेल महाकुंभ का आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** न्याय पंचायत स्तर पर खेल महाकुंभ-2025 प्रतियोगिता का आगाज 24 दिसंबर से होगा। खंड विकास अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ने इसकी तैयारियों को लेकर संबंधित अफसरों एवं खेल शिक्षकों के साथ बैठक की।

ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में बीडीओ केके कांडपाल ने बताया कि जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल की ओर से आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ का रोस्टर जारी हो गया है। इसके तहत 24 दिसंबर को न्याय पंचायत पूरनपुर की प्रतियोगिता सन फ्लावर स्कूल महुआडाबरा में आयोजित होगी। इसी तरह 26 दिसंबर को न्याय पंचायत अहमदनगर की प्रतियोगिता बीएसवी इंटर कॉलेज, 27 दिसंबर को न्याय पंचायत मेघावाला की रा.उ.प्रा. विद्यालय पतरामपुर एवं 29 दिसंबर को न्याय पंचायत भरतपुर की आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज करनपुर में आयोजित होगा। अंडर-14 एवं 19 आयु वर्ग के विद्यार्थी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो एवं मुर्गा झपट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार सैनी, ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह, सुभाष चंद्र, राजेश चौधरी, तस्लीम अहमद, पीयूष अग्रवाल, हरीश चौहान, रवि कुमार, स्वतंत्र कुमार गहलोत, राजेश कुमार यादव, ईओ आदित्य जोशी आदि थे।

# खेल महाकुंभ की प्रतियोगिताएं 2025 की तैयारी आरंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

> न्याय पंचायत व विधानसभा स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

**खटीमा।** न्याय पंचायत एवं विधानसभा स्तर पर 25 दिसंबर से होने वाले खेल महाकुंभ 2025 की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए खेल समन्वयक नीरज सक्सेना, गिरीश चंद्र रॉय, दिलशान क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय संरक्षक दल अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, खेल प्रशिक्षक एवं सहेंद्र प्रसाद ब्लॉक कमांडर पीआरडी विकासखंड खटीमा को दाईत्व सौंपा गया है।

खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने बताया कि 25 दिसंबर से होने वाले खेल कूद प्रतियोगिताएं खेतलसंडा खाम नगर पालिका-एथलेटिक्स, मुर्गा झपट, न्याय पंचायत बिगराबाग- खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, मुर्गा झपट न्याय पंचायत बंडिया- खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, न्याय पंचायत झनकट - खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, मुर्गा झपट प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। विधानसभा स्तर पर वन चेतना खेल मैदान चकरपुर में एथलेटिक्स, मुर्गा झपट, कबड्डी, खो-खो, पिट्टू तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता 30 दिसंबर को पहेनियां स्थित सिटी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई है। बीडियो गांधी ने बताया कि इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# कलक्ट्रेट में स्थापित हुई शहीद उधम सिंह की नौ फीटी कांस्य प्रतिमा

■ विधायक बोले-जल्द भव्य कार्यक्रम के जरिए होगा प्रतिमा का अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भारत इतिहास मे दर्ज 1919 में हुए जलियावाला बाग हत्या कांड जिसमे निर्दोष निहत्ते भारतीयों को अंग्रेजी क्रूर आक्रांता जरनल डायर द्वारा गोलियों से हत्या की थी। उस प्रतिशोध की ज्वाला को अपने मन में बसाए भारत मां के वीर सपूत शहीद ऊधम सिंह जिसके नाम पर यह ऊधम सिंह नगर जिला भी है उन्होंने उस अंग्रेजी तानाशाह से उन निर्दोषों की हत्या



का बदला लेते हुए लंदन में जाकर उस जरनल डायर को मौत की घाट उतार कर जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों का बदला लिया गया। जिसके चलते वर्ष 1940 में उधम सिंह को फांसी की सजा दी गई थी।

ऐसे महान सपूत के सम्मान में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के प्रयास से कलेक्ट्रेट स्थित शहीद ऊधम सिंह स्थल का 14 लाख से सौंदर्यकरण व 22 लाख की लागत से नौ फिटी कास्य प्रतिमा जो बनकर तैयार हो गई थी, विधायक अरोरा ने अपनी मौजूदगी में उसकी स्थापना करवाई। विधायक ने जानकारी दी कि बहुत जल्द सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण होते ही शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा का अनावरण एक भव्य व बड़े कार्यक्रम को आयोजित कर किया जाएगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, समाज सेवी हरविंदर चावला, पार्षद जॉनी भाटिया, राजकुमार कोली, चन्द्रसेन चंदा, मोहित बत्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा घोटाले में वसूली के आदेश, पर कार्रवाई नहीं

■ मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र गुदमी (बनबसा) में 1,1.677 लाख की वित्तीय गड़बड़ी उजागर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत बनबसा विकासखंड की ग्राम पंचायत गुदमी में मनरेगा योजना के तहत 1,1.667 रुपये की वित्तीय गड़बड़ी सामने आई है। मनरेगा लो. कपाल द्वारा की गई जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होने के बाद संबंधित कर्मियों से धनराशि वसूली के आदेश तो जारी कर दिए गए हैं, लेकिन अब तक किसी भी दोषी व्यक्ति के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई का कोई आदेश नहीं हुआ है, जिससे पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मनरेगा लोकपाल की जांच में वित्तीय नियमों के उल्लंघन की पुष्टि के बाद मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से संबंधित कर्मचारियों से धनराशि वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। जिला विकास अधिकारी के अनुसार इस प्रकरण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रपत्र भी संलग्न किए गए हैं। वसूली की जिम्मेदारी चम्पावत के खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी को सौंपी गई है, जिन्हें तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि आदेश में वित्तीय गड़बड़ी की रकम वसूलने की बात कही गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ विभागीय या कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यह चुप्पी प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े करती है और भ्रष्टाचार पर 'शून्य सहनशीलता' के दावों को कमजोर करती है। बताया जा रहा है कि गुदमी ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी मूल रूप से किसी अन्य विकासखंड में नियुक्त हैं और वहीं से वेतन भी आहरित करते हैं, इसके बावजूद लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। इस 'विशेष सुविधा' को लेकर भी क्षेत्र में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में यह व्यवस्था चल रही है। जिलाधिकारी के संज्ञान में आने का इंतजार हालांकि यह मामला अभी जिलाधिकारी मनीष कुमार के संज्ञान में नहीं आया है, लेकिन जैसे ही यह प्रकरण उनके सामने पहुंचेगा, क्षेत्रवासियों को कड़ी और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद है।

# जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी, जिला उधम सिंह नगर (रुद्रपुर) द्वारा अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुँचाना तथा वीर बालकोंख्रशहीद साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान का स्मरण करना रहा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी उधम सिंह नगर राक. श नैनवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन भारतीय राजनीति में मूल्यों, सिद्धांतों और राष्ट्रहित की अनुपम मिसाल है। उनका नेतृत्व, समावेशी सोच और सशक्त भारत की परिकल्पना आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में सह-प्रभारी साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला मंत्री अजय जोशी एवं दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, पोखरण परमाणु परीक्षण, सड़क एवं आधारभूत ढांचे के विकास तथा भारत को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाने में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों विशेष रूप से छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्भुत साहस, धर्मनिष्ठा एवं राष्ट्र के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अल्प आयु में भी साहिबजादों ने अत्याचार और अन्याय के समक्ष झुकने के बजाय धर्म एवं सत्य की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर मानवता को अमर संदेश दिया। यहां श्रीपाल राणा, इंद्रपाल मान, हिमांशु शुक्ला, शालिनी बोरा,नेत्रपाल मौर्य, प्रमोद मित्तल, अक्षय अरोड़ा, विजय तोमर, मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, विपिन गहलौत, विनीता सक्सेना, राजेश बजाज, रवि रस्तोगी, राजेश कोली आदि थे।

# वरुण बेवरेजेज प्लांट से डीजल चोरी का खुलासा, दो युवक दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** थाना केलाखेड़ा पुलिस ने रविवार को वरुण बेवरेजेज लिमिटेड प्लांट से डीजल चोरी की घटना का खुलासा किया है। जिसमें दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 499 लीटर चोरी का डीजल, 80 हजार रुपये नकद, एक कार सहित चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

थाना केलाखेड़ा में 19 दिसंबर को धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत वरुण बेवरेजेज लिमिटेड, ए-2 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र साइट-2, बाजपुर (बद्रीपुर) स्थित डीजल भंडारण टैंक से डीजल चोरी के संबंध में अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर के आदेश पर पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक केलाखेड़ा धर्मवीर सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलोकन, मैनुअल पुलिसिंग तथा सुरागरसी-पतारसी के आधार पर कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 20 दिसंबर को किर्तोवालिया तिराहे के पास डैम के किनारे सड़क से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विकास पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम नरखेड़ा, तथा करन सिंह पुत्र रोबिन निवासी ग्राम बद्रीपुर,शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 5 नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम में 325 लीटर डीजल, 2 सफेद रंग के ड्रम में 100 लीटर डीजल, 2 जरीकेन में 74 लीटर डीजल (कुल 499 लीटर), एक लोहे का बॉक्स मय चाबियां, 80 हजार रुपये नकद, 40 फीट का पाइप, एक सफेद कीप तथा अल्टो कार संख्या यूके04एजे-7662 (ग्रे रंग) बरामद की है। दोनों अभियुक्तों को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में यह अधिकारी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी, उपनिरीक्षक नरेश सिंह (चौकी प्रभारी बैरिया दौलत), हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह एवं कांस्टेबल जगदीश आदि शामिल रहे।

# ज्वैलरी शॉप से सवा करोड़ के आभूषण चोरी

## शॉप के बगल में बन रही कपड़ों की दुकान में काम कर रहे मजदूरों ने दी पुलिस को चुनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेखौफ हुए शातिर चोरों ने मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक ज्वैलरी शॉप का निशाना बनाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया

■लगभग 25 किग्रा चांदी और 400 ग्राम सोने के जेवर उड़ाए

है। शातिर चोर शॉप से सवा करोड़ रूपये की कीमत के सोने व चांदी के जेवरात के साथ हजारों की नगदी भी ले उड़े। घटना का शक उन मजदूरों पर है, जो ज्वैलरी शॉप के ठीक बगल में बन रही एक दुकान में काम कर रहे थे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने तो उसमें नकाबपोश पांच चोर चोरी की वारदात करते हुए कैद हुए। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार ईको टाउन में रहने वाले नवनीत शर्मा ने बताया कि कुसुमखेड़ा चौराहे के पास उनकी राधिका ज्वैलर्स के नाम से एक शॉप है। दुकान में नवनीत के साथ उनके बेटे शुभम और रजत भी बैठते हैं। बताया जा रहा कि बीते शुक्रवार की रात रोजना की तरह नवनीत ने दुकान बंद की और घर चले गए। शनिवार को साप्ताहिक बंदी की वजह से दुकान नहीं खुली। रविवार की सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो शटर में ताला लगा था, लेकिन जैसे ही ताला खोल कर शटर उठाया तो दुकान का नजारा देख नवनीत के पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान के अंदर का सारा सामान इधर-उधर







बिखरा पड़ा और तिजोरी टूटी पड़ी और दुकान की एक दीवार में करीब दो फीट का छेद बना हुआ था। बताया जा रहा कि शातिर चोर दुकान से करीब 25 किग्रा चांदी और 400 ग्राम सोने के जेवर तिजोरी से निकाल लिए गए थे। इसके अलावा 25 हजार रुपए की नगदी भी गायब है। हालांकि, वे अभी तक यह निर्धारित नहीं कर पाए हैं कि कुल कितने आभूषण चोरी हुए हैं, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा कि चोर करीब सवा करोड़ के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए है। पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो उसमें पांच नकाबपोश चोर चोरी की वारदात करते दिखाई दिए। चोरों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनकी तलाश में जुट गई।

> ज्वैलर्स शॉप में हुई वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर कहीं भी हो उन्हें तलाश कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। शातिर चोरों की तलाश में एसओजी के साथ कई टीमों का गठन किया गया है, इसके साथ ही सर्विलांस टीम को भी इसी काम में लगाया गया है। घटना स्थल के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, और शातिर चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।
>
> **डा. मंजूनाथ टीसी, एसएसपी**





### नेपाल के नंबर से आया फोन

अनुमान लगाया जा रहा है कि शातिर चोरों ने बीते शुक्रवार की रात्रि चोरी की वारदात को अंजाम दिया और उसी रात से पड़ोस की उस दुकान में भी काम बंद था। जिसे जनक राज जोशी नामक व्यक्ति ने किराए पर ली थी। इधर, रविवार को जब चोरी का हल्ला मचा तो अचानक ही गौरव के मोबाइल पर एक नेपाल के नंबर से फोन आया। फोन पर वही जनक राज नामक व्यक्ति था, जिसने यह तो नहीं बताया कि दुकान में काम क्यों बंद है। हां लेकिन इतना जरूर कहा कि वह कल आएगा।

### दुकान मालिक ने नहीं लिए दस्तावेज

ज्वैलर्स शॉप में हुई इस बड़ी चोरी की वारदात में एक बड़ी चूक भी सामने आई है, जबकि इसको लेकर पुलिस लगातार सत्यापन अभियान चलाती है। पता लगा है कि गौरव ने दुकान किराए पर देने से पहले कथित जनक राज से किसी भी तरह का ऐसा दस्तावेज नहीं लिया, जिससे उसकी पहचान हो पा रही है। यही वजह है कि अब पुलिस को इन शातिर आरोपियों की शिनाख्त में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### दुकान का डीवीआर भी ले गए चोर

राधिका ज्वैलरी शॉप के मालिक ने दुकान की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरों के साथ लगभग सभी इंतजाम पूरी किए थे। नवनीत ने दुकान के भीतर 6 और दुकान के बाहर निगरानी रखने के लिए 2 सीसीटीवी लगाए थे। लेकिन जब शातिर चोरों ने जब चोरी की वारदात को अंजाम दिया होता और ज्वैलरी शॉप में लगे डीवीआर भी उखाड़ कर अपने साथ ले गए।

## वारदात को अंजाम देने की नीयत से ही किराए पर ली थी दुकान!

### 936 घंटे की रेकी, 18 इंच मोटी दीवार काटकर वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी रोड पर कुसुमखेड़ा चौराहे के पास स्थित ज्वैलरी शॉप में हुई वारदात एक सोची समझी आपराधिक षड्यंत्र भी माना जा रहा है। इस बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए शातिर चोरों ने 936 घंटे तक लगातार ज्वैलर्स शॉप की रेकी की। इस 936 घंटों में शातिर चोरों ने रेकी के दौरान वो देखा कि दुकान में कोन कब आते जाते रहता है और शॉप कितने बजे खुलती और कितने बजे बंद होती है। इसके साथ ही उन्होंने शॉप के अंदर रखे माल का भी आलकन किया और एक बड़ी वारदात को अंजाम तक पहुंचाया। शातिर चोरों ने इस चोरी की वारदात के लिए दिन भी शुक्रवार का चुना गया, ताकि घटना को अंजाम देने के बाद चोरों को भागने के लिए पर्याप्त समय मिल सके और हुआ भी ऐसा ही। शनिवार बंदी की वजह से दुकान बंद थी और रविवार को जब शटर खुला तो तब तक बहुत देर हो चुकी थी, और शातिर चोर पुलिस के चुंगल से कोसो दूर पहुंच गए। फिलहाल एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने शातिरों की तलाश में एसओजी के साथ कई टीमों को लगाया गया है। इसके अलावा सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। घटना स्थल के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बता दें कि राधिका ज्वैलरी शॉप के मालिक नवनीत शर्मा की दुकान से सटी एक और दुकान हैं, जिसमें पहले फर्नीचर का काम होता था, लेकिन दुकान काफी समय से खाली थी।

बताया जा रहा उक्त दुकान के मालिक गौरव बिष्ट हैं, जिनका घर दुकान के पीछे ही है। जब पुलिस ने पूछताछ के लिए गौरव को बुलाया तो गौरव ने बताया कि पिछले माह उनके पास जनक राज बिष्ट नाम का व्यक्ति आया था। उसने खुद को स्थानीय निवासी बताया था और दुकान किराए



पर लेने की इच्छा जाहिर की थी। उसने बताया कि वह यहां कपड़ों का शोरूम खोलना चाहता है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ज्वैलरी शॉप के ठीक बगल में एक खाली दुकान थी, जिसे बीती 10 नवंबर को जनक राज जोशी नाम के व्यक्ति को दुकान मालिक गौरव बिष्ट ने किराए पर दी थी। यह दुकान कपड़ों की दुकान खोलने के नाम पर ली गई थी और पिछले कुछ दिनों से चार मजदूर इसमें फर्नीचर आदि का काम कर रहे थे। बताया जा रहा कि गौरव ने कथित जनक राज जोशी से कहाकि वह दुकान का किराए साढ़े 22 हजार रुपए प्रतिमाह लेगा। जनक राज ने बिना मोलभाव किए साढ़े 22 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर हामी भर दी। जुबानी सौदा हुआ और 10 नवंबर से दुकान जनक राज के सुपुर्द कर दी गई। बताया जा रहा कि जिसके तुरंत बाद जनक राज ने दुकान में चार कारीगरों को लगाया, जो दुकान के अंदर कपड़े रखने के लिए रैक बनाने का काम कर रहे थे। चूंकि जनक पड़ोसी दुकानदार होने वाला था तो उसने नवनीत और उनके बेटों शुभम व रजत से नजदीकियां बढ़ानी शुरू की। बताया जा रहा कि बीते 10 नवंबर से 18 दिसंबर के दरम्यान जनक राज और उनके कारीगर नवनीत और उनके बेटों से घुल-मिल गए, और उन्होंने राधिका ज्वैलरी शॉप पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी। उन्होंने यहां तक रेकी कर ली थी कि उन्हें दीवार कितनी ऊंचाई पर और कहां से काटनी है। उन्हें यह भी पता था कि अगर वारदात को शुक्रवार को अंजाम दिया जाए तो उन्हें माल समेत भाग निकलने के लिए रविवार तक का वक्त मिल जाएगा, क्योंकि शनिवार बंदी की वजह से ज्वैलरी शॉप भी बंद रहती है। माना जा रहा है कि इसी योजना को अमल में लाया गया और योजनाबद्ध तरीके से शुक्रवार की रात कटर, छेनी और हथौड़ी की मदद से 18 इंच मोटी दीवार को काटना शुरू किया गया। अनुमान है कि पूरी वारदात को डेढ़ घंटे के भीतर अंजाम दिया गया। इसके बाद शातिरों ने माल समेटा और फरार हो गए। इधर, रविवार को जब दुकान खुली तो शुक्रवार की पूरी रात, शनिवार का दिन और रात गुजर चुकी थी। रविवार को जब दुकान खुली तो वारदात को घंटो गुजर चुके थे और शातिर पुलिस की पहुंच से कहीं दूर निकल चुके थे।

### दीवार, तिजोरी काटी, मुख्य तिजोरी नहीं काट पाए चोर

पुलिस की प्राथमिक जांच में यह सामने आया कि चोर राधिका ज्वैलर्स की दुकान के पास स्थित दूसरी दुकान से अंदर घुसे थे। लेकिन अपनी इस बदनीयती में वह पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाए। चोरों को शोकेस में जो भी ज्वैलरी मिली, उसे समेट लिया। इसके अलावा तीन तिजोरियों में से वह गैस कटर की मदद से दो तिजोरियों को काटने में भी सफल हो गए, लेकिन तीसरी मुख्य तिजोरी वह गैस कटर से भी काट नहीं पाए। ज्वैलरी शॉप का ज्यादातर माल इसी तिजोरी में था।

## काठगोदाम-नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण परियोजना का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम-नैनीताल चौड़ीकरण परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मूल्यांकन, सत्यापन एवं अंश निर्धारण के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शैलेंद्र सिंह नेगी ने रविवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में परियोजना के



अंतर्गत भूमि अंश निर्धारण के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद प्रतिकर (मुआवजा) का निर्धारण कर उसके वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा ताकि परियोजना में किसी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल, तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट के अलावा राजस्व निरीक्षक, उप निरीक्षक, वन विभाग, उद्यान विभाग और कंसलटेंसी कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गलत तथ्य पशे करने पर जिला मजिस्ट्रेट ने नाहिद कुरैशी का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष गलत तथ्य प्रस्तुत करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। डीएम ललित मोहन रयाल ने हल्द्वानी के आजाद नगर थाना बनभूलपुरा निवासी नाहिद कुरैशी पुत्र वाजिद कुरैशी का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश जारी किए है। जानकारी के अनुसार नाहिद कुरैशी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष नाहिद कुरैशी ने यह दावा किया था कि वह एक व्यापारी है और व्यापार के सिलसिले में उसे प्रायः नकद धनराशि के साथ आवागमन करना पड़ता है। इसी आधार पर उसने अपने जान-माल को खतरा बताते हुए शस्त्र लाइसेंस को यथावत बनाए रखने का अनुरोध किया था। जिला प्रशासन द्वारा जब प्रकरण की गहन जांच कराई गई तो विगत वर्ष के आयकर रिटर्न के आधार पर तथ्य सामने आए। जांच में यह पाया गया कि वाजिद कुरैशी की वार्षिक आय 5,78,600 है, जिस पर उनके द्वारा लगभग 13 हजार आयकर अदा किया गया है। जिस पर जिला मजिस्ट्रेट ने उक्त आय विवरण पर सम्यक विचार करते हुए पाया एवं उससे यह स्पष्ट हुआ कि कुरैशी की वार्षिक आय इतनी अधिक नहीं है जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि उनके जान-माल को असाधारण या विशिष्ट खतरा उत्पन्न होता हो जिसके लिए शस्त्र धारण किया जाना अपरिहार्य हो। उक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नैनीताल ने इस प्रकरण पर निष्कर्ष करते हुए नाहिद कुरैशी को जारी शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने का निर्णय सुनाया। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए संबंधित व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

## नीरज ने परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, एनएच में सोलर लाइट व



आईएसबीटी अंतर्राज्यीय बस अड्डे को गौलापार में बनाने की मांग को लेकर समाजसेवी नीरज रैक्वाल ने सड़क परिवहन केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। रविवार को सड़क परिवहन केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा को सौंपे गए ज्ञापन में नीरज रैक्वाल ने कहा कि दौलतपुर से मानपुर तक सड़क चौड़ीकरण, के साथ ही किशनपुर से रूपपुर तक सड़क चौड़ीकरण किए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही उन्होंने गौलापार में आईएसबीटी अंतर्राज्यीय बस अड्डा बनाने गौलापार से चौरगलिया तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर सोलर लाइट लगाने की मांग की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके। नीरज रैक्वाल ने इन समस्याओं के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्री से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## डा. गोल्डी बने क्लब के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने अपने 31वें वर्ष में प्रवेश करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित किया। जिसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी को क्लब का अध्यक्ष चुना गया।

जबकि मुकेश गुप्ता, अपूर्व अग्रवाल, और निशुल अग्रवाल को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके अलावा सर्वसम्मति से डा. अनुज अग्रवाल, अनुजकांत अग्रवाल, को उपाध्यक्ष चुना गया। जबकि महिला उपाध्यक्ष पद के लिए सुमन जैन को मनोनीत किया। साथ ही क्लब के निदेशक पद पर डा. अभिषेक





मित्तल, पंकज अग्रवाल, और संजय गर्ग रहेगे।

जनसंपर्क अधिकारी की जिम्मेदारी मुकेश अग्रवाल और विजय कुमार शर्मा को सौंपी गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर राखी अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुई। इस प्रक्रिया के चुनाव अधिकारी के रूप में अनुज कांत और आशीष जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने नए कार्यकाल के दौरान डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया कि वे सामाजिक गतिविधियों को और बढ़ावा देंगे। उन्होंने निर्धन छात्राओं को स्कूल ड्रेस, किताबें, स्वेटर आदि प्रदान करने की योजना बनाई, साथ ही कुष्ठ आश्रम में निवासियों को कपड़े और कंबल प्रदान करने का भी प्रस्ताव रखा।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) भीमताल की ओर से सीआरसी नगर क्षेत्र जेल रोड हल्द्वानी में रविवार को एक विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डा.



पूरन सिंह बुंगला ने किया। इस आयोजन में हल्द्वानी, कोटाबाग और रामनगर विकासखंड से 32 शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. राकेश नगर कोठी, डा. हरीश पांड़े, डा. संजय चौहान और हेम सिंह जलाल ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाली शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों को समझते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देना था। विशेषज्ञों ने किशोरों की शारीरिक और मानसिक स्थिति को चुनौती के रूप में लेकर उनका उचित मार्गदर्शन करने की बात की। इस मौके पर डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, गीता आर्य, अफरोज बानो, तौकीर खान, गिरिजा शंकर लोशाली, भावना कांडपाल, मालती पटवाल, नीरज वर्मा और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पहाड़ी आर्मी का सशक्तिकरण अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को मुखानी स्थित छड़ैल के भीम बिहार में रविवार को पहाड़ी आर्मी द्वारा पहाड़ी हिंदू सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और सदस्यता ली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पहाड़ी संस्कृति, बोली-भाषा, लोक देवता और परंपराओं के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल और जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा ने की। जबकि संचालन महिला जिलाध्यक्ष प्रेम मेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बाहरी प्रभावों और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते



हमारी पहाड़ी परंपराओं पर आक्रमण हो रहा है, और हमारी डेमोग्राफी चेंज हो रही है। इस पर उन्होंने पहाड़ी समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। सभी ने 7 जनवरी को हल्द्वानी में होने वाले उत्तरायणी मेले में सक्रिय भागीदारी का भी संकल्प लिया। बैठक में नगराध्यक्ष भवन पांडे, नीम भट्ट, कविता जीना, बसंत बिष्ट, दीपा लटवाल, धीरेंद्र कांडपाल, तारा दत्त पांडे, उत्तम सिंह नेगी, भीम सिंह धामी, त्रिलोक सिंह बिष्ट, कैलाश चंद पांडे, कैलाश डालाकोटी, देवी, आशा देवी, हेमा देवी, कमला देवी, भावना, दीपा, रमा संजना रौठोर आदि लोग मौजूद रहे

## भाजपा के पास केवल वोट चोरी और पैसे बचाओ योजना: आलोक शर्मा

■कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा-काम के अधिकार को सरकार ने मांग आधारित बना दिया

■बोले-देश में इस समय अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में आयोजित पत्रकार वार्ता में कई मुद्दों पर केन्द्र व राज्य सरकार को घेरा। पुष्कर सिंह धामी को उन्होने जनता द्वारा नकारा गया सीएम बताया। कहा कि सीएम ने अपनी वाहवाही के लिए मीडिया में एक हजार करोड़ से अधिक खर्च कर दिया। उन्होंने कहा राज्य सरकार को 'खनन माफियाओं की सरकार' की संज्ञा दी। कहा कि डिफेंड टीम बनाई जाएगी। सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस मजबूत कदम उठाएगी। केन्द्र सरकार पर हमलावर होते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने की बजाय सरकार ने इसे समाप्त कर दिया। 12 करोड़ से अधिक मज़दूरों के अधिकारों को कुचल दिया। सरकार की विचारधारा महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल और अंबेडकर के खिलाफ रही है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने की भाजपा की सनक देश के लिए अच्छी नहीं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण





क्षेत्रों के लिए एक बेहतरीन योजना थी, जो कोविड के दौरान भी काम आई। यूपीए सरकार ने इसका कानून बनाया था, लेकिन भाजपा केवल नाम बदलने में विश्वास रखती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि राज्य खुद कर्ज में डूबे हुए हैं, तो वे 40 प्रतिशत कैसे देंगे? शर्मा ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्रियों को 'डमी' बना दिया है, जो किसी भी मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते और अडानी के सामने जी-हुजूरी करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पलायन रोकने के लिए जो योजना पहले कानूनी अधिकार के तहत थी, अब वह मांग आधारित बन गई है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा राम और अल्लाह पर चर्चा हो रही है। अगर नाम बदलने से कुछ होता, तो दिल्ली का नाम भी सियाराम रख देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कुछ ठोस नहीं है, केवल वोट चोरी और पैसे बचाओ योजना है। आलोक शर्मा ने स्थानीय सांसद अजय भट्ट के लोकसभा में दिए गए भाषण पर भी चुटकी ली। साथ ही कहा कि मोदी सरकार संविधान से ऊपर खुद को मानती है और गांधी परिवार को बदनाम करने के लिए नेशनल हेराल्ड केस का इस्तेमाल करती रही, लेकिन आज उसे इसी मुद्दे पर मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा अधिकार देने में विश्वास करती है, जबकि भाजपा अधिकार छीनने पर यकीन रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 27 दिसम्बर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करेगी। शर्मा ने कहा देश महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल और डा. अंबेडकर की विचारधारा का है। गोडसे और गोलवलकर की विचारधारा का नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में इस समय अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी गयी है। आलोक शर्मा ने वोट चोरी को ऑर्गनाइज्ड लूट करार दिया। प्रेसवार्ता में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल चिमवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, संजय किरौला, महेश कांडपाल, हेमन्त पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हल्द्वानी में बहुउद्देशीय शिविर आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत नैनीताल जिले में लगातार बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल (आज) विकासखंड हल्द्वानी में एक बहुद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राजकीय इंटर कालेज, हल्दूपोखरा में होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी करेंगे। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, जैसे कि राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम, ऊर्जा, पेयजल, सहकारिता, बैंक/वित्तीय संस्थान आदि उपस्थित रहेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पाक की अंडर-19 टीम ने भारत को 191 रनों से हराया

**● समीर ने 172 और अहमद हुसैन ने 56 रनों की शानदार पारी खेली, अली रजा ने 4 विकेट लिए**




**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्र (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिए। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल मैं आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया।

इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उन्हें अली रजा ने आउट किया। भारतीय टीम 26-2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई। किशन सिंह तीन रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिए। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े। 17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी।

38वें ओवर में भारतीय गेंदबा. जों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 43वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे समीर मिन्हास को कनिष्क चौहान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 172 रनों की पारी खेली।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रनों पर लगाम लगाई और उसके बल्लेबाजों तो सस्ते में आउटकर पवेलियन भेज दिया। हुजैफा एहसान (शुन्य), कप्तान फरहान युसूफ (19), मोहम्मद शयान (सात) और अब्दुल सुभान (दो) रन बनाकर आउट हुये।

पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 347 रनों का स्कोर खड़ा किया। निकाब शफीक 12 रन बनाकर और मोहम्मद सय्याम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने तीन विकेट लिए। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने दो-दो विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# घरेलू क्रिकेट ने खोले ईशान किशन के लिए विश्वकप टीम के दरवाजे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम में ईशान किशन की टी-20 विश्व कप 2026 के लिए वापसी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन का आधार सिर्फ आईपीएल नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन होना चाहिए। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इशान के चयन को घरेलू क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का इनाम बताया है।

गावस्कर ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक टीम से बाहर रहने के बाद ईशान ने झारखंड को खिताब दिलाया और खुद बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। गावस्कर के मुताबिक जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है, हालांकि, गावस्कर ने शुभमन गिल को टी20 टीम से बाहर किए जाने को हैरान करने वाला फैसला बताया, लेकिन यह भी माना कि टी20 क्रिकेट में लय और तेज शुरुआत बेहद अहम होती है। उनके अनुसार, गिल का स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के ज्यादा अनुकूल है और टी20 में फॉर्म की कमी उनके खिलाफ गई। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी चयन समिति, खासकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की खुलकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि टीम संयोजन को प्राथमिकता दी गई और गिल को बाहर करना भले ही मुश्किल फैसला रहा हो, लेकिन यह सही था। हरभजन ने इशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी को सकारात्मक कदम बताया और अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाए जाने को भी शानदार फैसला करार दिया।

**खेल विशेष**

## मेलबर्न टेस्ट में नहीं खेलेंगे कमिस

**एडिलेड, वार्ता।** अपनी चोट की परवाह किये बिना एडिलेड टेस्ट में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिस ने संकेत दिए हैं कि बॉक्सिग-डे टेस्ट और इसके बाद शायद अब वह इस सीरीज का कोई मैच खेलेंगे। मैच में छह विकेट लेने वाले कमिस ने बैक इंजरी से उबरते हुए लगभग साढ़े पांच महीने बाद कोई मैच खेला था और उनके लिए लगातार दो टेस्ट खेलना आसान नहीं मैच के बाद कमिस ने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन बाकी बची सीरीज के लिए हमें इंतजार करके देखना होगा। हमें पता था कि ऐशेज जीतना है तो हमने काफी आक्रामक तैयारी की थी और हमें लगता है कि यह इसके लायक था। अब जबकि सीरीज जीती जा चुकी है तो ऐसा लग रहा है कि काम हो गया और अब खतरे के बारे में फिर से निरीक्षण की जरूरत है।अगले कुछ दिनों में हम इस पर काम कर लेंगे, लेकिन मुझे संदेह है कि मैं शायद ही मेलबर्न टेस्ट में खेलूं और फिर हम सिडनी के बारे में बात करेंगे। लेकिन निश्चित रूप से सीरीज शुरू होने से पहले, सीरीज के दौरान, हमने सोचा था कि चलो जोखिम उठाते हैं और प्रयास करते हैं, अब जब यह खत्म हो गई है, तो मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात करनी होगी। ये ऐसी सीरीज है जिसके बारे में हम लंबे समय से सोच रहे थे। आज ये आसान नहीं था, लेकिन हम काम पूरा करने में सफल रहे। हमारा चेंजिग रूम बेहद उत्सुक है। इंग्लैंड पर दबाव बनाए रखने को लेकर कमिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यही वह समय होता है जब यह क्रिकेट टीम अपने सर्वश्रेष्ठ पर होती है। ऑस्ट्रेलिया में आप चीजो को अधिक जल्दबाजी में नहीं कर सकते। आप चाहेंगे कि सब कुछ फौरन हो जाए, लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता। यहां अधिकतर समय पुराने ढंग की मेहनत और लगातार जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज सभी खिलाड़ियों की मेहनत मुझे बेहद पसंद आई। मैच थोड़ा सा मेरी उम्मीद से अधिक करीब आ गया था, लेकिन मैं बेहद खुश हूं। मुझे लगता है।

# डेवोन कॉन्वे ने दोहरा शतक और टेस्ट में शतक लगाकर इतिहास रचा

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और फिर शतक बनाकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। इसी के साथ वह यह कारनामा करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे आखिरी दिन चाय से ठीक पहले शतक बनाकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर अपनी दूसरी पारी का शतक पूरा किया। यह उपलब्धि उनकी पहली पारी में शानदार 227 रन बनाने के बाद मिली, जिसने मैच में न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति की नींव रखी।

ऐसा करके 34 वर्षीय कॉन्वे एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड और टेस्ट इतिहास में केवल 10वें खिलाड़ी बन गए। कॉन्वे ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा और हाल ही में मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गजों की एलीट सूची में शामिल हो गए। चौथे दिन चाय के समय, न्यूजीलैंड अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 192 रन पर था और मैच में अभी चार सत्र बाकी रहते हुए 347 रनों की मजबूत बढ़त बनाए हुए था।

# मेसी का दौरा शानदार, लेकिन फुटबॉल को कोई ठोस फायदा नहीं

**● इसमें कोई शक नहीं कि मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तीयों की मेजबानी यादगार रहेंगी: अनादि**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबाल के जाने माने खिलाघे रहे अनादि बरूआ का मानना है कि फुटबाल के अंतर्राष्ट्रीय सितारे लियोनेल मेसी के भारत दौरे ने भीø तो बहुत खींची लेकिन इससे देश में फुटबाल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली।

बरूआ ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लियोनेल मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तियों की मेजबानी करना हमेशा यादगार होता है। हालांकि, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ उनके इस दौरे से भारत में आम तौर पर खेल और विशेषकर फुटबॉल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लोगों द्वारा आयोजित मेसी का यह दौरा फुटबॉल के लिहाज से तब अधिक सार्थक होता जब वह यहां की राष्ट्रीय टीम या कोई स्थानीय क्लब के खिलाफ मैच खेलते, जैसा कि पेले ने 1977 में मोहन बागान के खिलाफ खेला था। यह तब भी सार्थक हो सकता था जब वह किसी अकादमी का दौरा करते और उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते। इसके अलावा अगर वह गरीब बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत करते तो इसका कुछ सामाजिक महत्व होता। हालांकि, यह दौरा मार्केटिग को लेकर था। विदेश के लोग जानते हैं कि भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए यह दौरा अधिकतर इंटर मियामी का विज्ञापन करने और अगले साल होने वाले विश्व कप के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए था।

बरूआ ने कहा कि जिन लोंगों ने कभी यह खेल नहीं खेला और जिनका इस खेल से असल में कोई लेना-देना नहीं था, वे इस दौरे के दौरान अर्जेंटीना के इस दिग्गज के साथ फोटो खिचवाने के लिए सबसे अधिक उत्सुक दिखे। मेसी के दौरे के दौरान हमने कुछ अजीब हरकतें देखीं, उनमें से एक थी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का उन्हें क्रिकेट बैट देना, जिस पर 2024 का आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खास साइन और ऑटोग्राफ थे। उन्होंने कहा कि यह भी देखना होगा कि दिग्गज फुटबॉलर का दौरा ऐसे समय में हुआ जब हमारा फुटबॉल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है।

एक तरफ हमारी सीनियर पुरुष टीम दुनिया में 142वें नंबर पर है (19 नवंबर, 2025 की फीफा रैंकिंग) और दूसरी तरफ आईएसएल सीजन को लेकर अनिश्चितताएं हैं। जब हम फुटबॉल की बात करते हैं, तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि लगभग सभी देश यह खेल खेलते हैं, उनमें से अधिकतर लोग इस 'खूबसूरत खेल' को बहुत जुनून से फॉलो करते हैं। इसलिए अगर हमें एक महत्वपूर्ण फुटबॉलिग देश बनना है।

# भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

**● यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसम्बर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12-1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारतीय टीम के लिए एक यादगार अभियान का समापन किया। बीसीसीआई ने कप्तान दीपिका टीसी, उनकी टीम के साथियों और सहयोगी सदस्य को उनके शानदार प्रयास के लिए बधाई दी।

बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी बातचीत के दौरान टीम को वर्चुअली संबोधित किया और बोर्ड की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें भविष्य के दौरों के लिए प्लेइंग किट और यात्रा में सहायता शामिल है।

इस उपलब्धि को ऐतिहा. सिक बताते हुए बीसीसीआई ने टीम की सफलता को एक मील का पत्थर माना। बीसीसीआई के कई वरिष्ठ धिकारियों ने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना की। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ष्यह ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और एक ऐसा क्षण है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। ऊंचाइयों को छूते रहें।

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' नहीं झेल सका: बेन स्टोक्स



**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते है कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। इंग्लैंड इस उम्मीद के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचा था कि वह 2010-11 के बाद पहली बार ऐशेज सीरीज जीतने वाली टीम बनेगा, लेकिन उसे पूरी तरह मात मिली। पर्थ और ब्रिस्बेन में आठ विकेट से और एडिलेड में 85 रन से हार झेलनी पड़ी। स्टोक्स ने माना कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से 'बहुत अच्छा' साबित हुआ और विशेषकर अपने गेंदबाजो की अस्थिरता को बड़ी निराशा बताया। स्टोक्स ने कहा कि यह वाकई बहुत खराब लगता है। अब यह जानना कि हम यहां जो हासिल करने आए थे, वह नहीं कर सकते यह स्पष्ट तौर पर बहुत निराशाजनक है। मेरे लिए बात बिल्कुल साफ है कि ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में हमसे कहीं अधिक कहीं ज्यादा निरंतरता के साथ अमल किया है। उन्होंने हर चीज को हमसे कहीं बेहतर तरीके से और कहीं ज्यादा लंबे समय तक लगातार अंजाम दिया है। हमारे पास भी कुछ लम्हे ऐसे रहे हैं जब हम बहुत अच्छे थे, लेकिन इस सीरीज में अब तक ऑस्ट्रेलिया हमसे कहीं लंबे समय तक और कुल मिलाकर कहीं बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, ष्हमें पता है कि यहां कौन-सी योजनाएं काम करती हैं। हम बस उन योजनाओं को पर्याप्त समय तक सही ढंग से लागू नहीं कर पाए। हमने यह कुछ-कुछ लम्हों में और कुछ चरणों में किया।

## पीसीबी ने दो नई फ्रेंचाइजी के लिए पीएसएल बिड की तिथि आगे बढ़ाई

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तानं सुपर लीग (पीएसएल) के लिए दो नई फेंचाइजी के लिए बिड जमा कराने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दिया है। पीसीबी ने बताया कि बोली लगाने की 22 दिसम्बर तिथि को बढ़कर अब 24 दिसम्बर कर दिया गया है, क्योंकि इस दौरान दो छुट्टियां थीं और इच्छुक पार्टियों ने अतिरिक्त समय मांगा था। पहला विस्तार यूरोप, अमे. रिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों के निवेशकों की 'बढ़ती रुचि' को देखते हुए किया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों से नई एचबीएल पीएसएल टीमें खरीदने में बढ़ती रुचि को देखते हुए, हमने बिड जमा कराने की तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर 22 दिसम्बर 2025 कर दी है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम किया

**● मिशेल स्टार्क, पैट कमिस और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट हासिल किए**



**एडिलेड, वार्ता।** मिशेल स्टार्क, पैट कमिस, नाथन लियोन (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों क स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ (60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया। जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गें. दबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी का 352 के स्कोर पर अंत कर दिया। उन्होंने दो टेस्ट मैच बाकी रहते ही सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दोनों पारियों में 371 और 349 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड के सामने एक मुश्किल चुनौती खड़ी हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी को स्टंप के पीछे और बल्ले से अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने मैच के अहम चरणों में स्थिरता प्रदान की। स्टार्क आखिरी पारी में सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की लय को रोका, जबकि कप्तान पैट कमिस ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं।

## एसपी देहात ने किया मंगलौर कोतवाली का औचक निरीक्षण

# फरियादियों की समस्याओं को दें प्राथमिकता : सुयाल

**❖मालखाना, दफ्तर असलहा का निरीक्षण, कोतवाली की सफाई व्यवस्था को परखा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली में आज सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसपी देहात शेखर चन्द सुयाल पहुंचे। एसपी देहात ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते हुए न केवल फाइलों को खंगाला, बल्कि पुलिस के हथियारों (असलाह) की कार्यक्षमता की भी बारीकी से जांच की। इस दौरान कोतवाली का पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर नजर आया।

जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली में आज सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसपी देहात शेखर चन्द सुयाल पहुंचे। एसपी देहात शेखर चन्द सुयाल के पहुंचने से हड़कंप की स्थिति रही, हालांकि निरीक्षण की पूर्व सूचना के चलते कोतवाली



प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने सुबह से ही पूरी तैयारी कर ली थी। एसपी देहात ने शस्त्रागार (मालखाना) में जाकर सरकारी हथियारों को चेक किया। उन्होंने देखा कि आपात स्थिति के लिए असलहे कितने तैयार हैं। उन्होंने पूरी कोतवाली का चक्कर लगाया, जिसमें हवालात, कार्यालय और पुलिसकर्मियों के रहने की व्यवस्था देखी गई।

**साफ-सफाई :** सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने संतोष जताया और उसे आगे भी बरकरार रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में पूरा स्टाफ पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी पर तैनात रहा। एसपी देहात ने निरीक्षण के बाद पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समय पर निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## दो पक्षों में संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** सोहलपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार सिकरोडा गांव निवासी एक युवक अपनी बाइक से अपने साथी के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही वह सोहलपुर गांव पहुंचा तो सड़क पर खड़े कुछ युवकों को हटाने के लिए उसने बाइक का हॉर्न दिया। इस पर सड़क पर खड़े सोहलपुर गांव के युवकों ने बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के दौरान बाइक सवार युवक का एक साथी किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग गया।और बाइक चला रहे युवक के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने बमुश्किल घायल युवक को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घटना की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि घायल युवक को मेडिकल के लिए भेजा गया है। अभी तक कोई तहरीर नही आई है।तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन मिसिंग मोबाइल के जरिए

# 200 खोए हुए फोन बरामद कर लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मोबाइल फोन आज हर व्यक्ति की जरूरत ही नहीं, बल्कि उसकी निजी दुनिया का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में जब मोबाइल खो जाता है, तो व्यक्ति खुद को असहाय महसूस करता है। इसी परेशानी को समझते हुए हरिद्वार पुलिस ने भरोसे और तकनीक की मिसाल पेश की है। 'ऑपरेशन मिसिंग मोबाइल' के तहत मंगलौर कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ऐसा काम कर दिखाया है, जिसने आमजन के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है।

रुड़की के मंगलौर कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने स्वयं मोबाइल स्वामियों को बुलाकर उनके फोन सुपुर्द किए। इस दौरान लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ नजर आया। इस मौके पर एसपी देहात शेखर चंद सुयाल और मंगलौर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि हरिद्वार पुलिस आम नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने बताया कि "आज करीब 200 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए हैं। पुलिस की साइबर यूनिट अब तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम हो चुकी है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।" पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि यदि किसी का



मोबाइल फोन खो जाता है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। तुरंत अपने नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि पुलिस की साइबर टीम समय रहते कार्रवाई कर आपकी खोई हुई संपत्ति आपको वापस दिला सके।

# गोरखा समाज ने बांटे जरूरतमंदों को गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गोरखा समाज कल्याण समिति ने रविवार को शिविर लगाकर जरूरमंद लोगों को कपड़े वितरित किए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सर्दियों के मौसम में वह भी लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में गोरखा समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष जसवंत थापा ने कहा कि समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुड़की रेलवे स्टेशन पर निशुल्क वस्त्र वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें गरीब एवं निर्धन लोगों को वस्त्र वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि समाज हर वर्ष सामाजिक कार्यकर्ता रहता है जिस तरह से सर्दी में गर्म वस्त्र वितरण करना गरीबों को सुबह चाय बिस्कुट खिलाना गर्मियों में छबील लगाना और हर वर्ष रक्तदान का शिविर लगाना शामिल है। उन्होंने शहर विधायक प्रदीप बत्रा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके समाज को मजबूत करने में और हर तरह से सहयोग करने में उनका विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कमल राणा, तेज प्रसाद शर्मा,



उज्जवल थापा, रविंद्र गुरुंग, धर्मजीत झा, उदय बहादुर, चंद्रशेखर शर्मा, मनोज ठाकुर, हरि बहादुर, जितेंद्र गुरूंग, भानवीर गुरूंग, सुनीता थापा, विमला थापा आदि उपस्थित रहे।

# लकी व वंशु ने 800 मीटर दौड़ में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नेहरू इंटर इंटर राष्ट्रीय कॉलेज के प्रांगण में मिल्खा सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के सौजन्य से 800 मी बालक बालिकाओं की दौड़ का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड लॉन टेनिस क्रिकेट संघ के सचिव अमजद उस्मानी, उत्तराखंड कुश्ती महासंघ के कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा एवं डॉक्टर नायर काजमी ने उपस्थित होकर प्रतिभावान प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान आशीष चौधरी (समाजसेवी), असफकुर्रहमान मंच पर उपस्थित होकर उद्घाटन समारोह का मान बढ़ाया। मिल्खा सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी के निदेशक अब्दुल रहमान ने मुख्य अतिथियों



एवं मंच पर आसीन अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका आभार व्यक्त किया। 800 मीटर बालक वर्ग में लकी ने प्रथम, रितिक ने द्वितीय एवं सागर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 800 मीटर में बानसूर ने प्रथम, आतिक ने द्वितीय स्थान एवं अलिना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंच का संचालन आलोक द्विवेदी ने किया। अंत में मिल्खा सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक अब्दुल रहमान ने मुख्य अतिथि, प्रतिभागियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

# उर्जा निगम ने 30 से अधिक जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विधुत विभाग की टीम ने लंढौरा क्षेत्र में घरों, ईट भट्टों व गन्ना कोल्हुओं पर छापेमारी करते हुए 30 से अधिक जगहों में बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है।

लंढौरा क्षेत्र में लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर रविवार को एसडीओ गुलशन बुलानी के नेतृत्व में उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा 4 दर्जन से अधिक जगहों पर जांच की गई जिसमें 3 दर्जन से अधिक घरों ईट भट्टों, गन्ना कोल्हुओं में बिजली चोरी होती पाई गई है। पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में एसडीओ मंगलौर अनुभव सैनी, एसडीओ मोहम्मद रिजवान व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के बाद

# बसपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चौ. शीशपाल पार्टी से निष्कासित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने संगठन के भीतर अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल चौधरी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश कार्यालय यूनिट से जारी एक पत्र के माध्यम से यह जानकारी साझा की गई।

लगातार मिल रही थीं चेतावनी जारी पत्र के अनुसार, देहरादून निवासी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष



शीशपाल चौधरी लंबे समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जा रहे थे। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें कई बार मौखिक रूप से चेतावनी देकर अपनी कार्यप्रणाली सुधारने का अवसर दिया गया था, लेकिन उनकी गतिविधियों में कोई बदलाव नहीं आया।अनुशासनहीनता पर सख्त संदेश:पार्टी विरोधी कार्यों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कार्यालय बसपा सुप्रीमो की अनुमति से उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बसपा मेंअनुशासन सर्वोपरि है। संगठन के भीतर जो भी व्यक्ति पार्टी विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देगा या अनुशासनहीनता करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह की सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शीशपाल चौधरी का निष्कासन आगामी राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से एक बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** पीड़ित दादा ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी नाबालिक पौत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए एक आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक पीड़ित दादा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रुड़की गंग नहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सफरपुर निवासी एक युवक समद द्वारा उसकी नाबालिक पौत्री को अपनी बातों में बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। उन्होंने बताया कि युवक उनकी पौत्री को किसी शादी समारोह में मिला था जहां पर उसने उनकी पौत्री को अपनी बातों में बहला फुसला लिया तथा नाबालिक पौत्री को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जब जब नाबालिक ने युवक से शादी करने का जोर दिया तो युवक शादी करने से पीछे हट गया बताया गया है कि युवक दुबई में नौकरी करता था और वहां से आने के बाद लड़की के संपर्क में आया था युवक नाबालिक की दूर की रिश्तेदारी में भी बताया गया है पीड़ित दादा ने मामले की तहरीर पुलिस को दे कर आरोपित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ पाक्स ओ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# शांति भंग में दो लोगों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव निवासी दो लोगों का शांति व्यवस्था भंग करने कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय में पेश किया है। झबरेड़ा थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव भक्तोंवाली निवासी दो लोग निशु व सुधीर शनिवार रात्रि शराब के नशे में सड़क पर गाली गलौज व झगड़ा फसाद कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों लोगों को समझने के बाद दोनों लोग अपने घर चले गए तथा रविवार सुबह फिर शराब के नशे में सड़क पर गाली गलौज व झगड़ा फसाद करने लगे। समझने का प्रयास किया गया परंतु नहीं मानने पर हिरासत में ले लिया।

# ट्रक चोरी का खुलासा, एक चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने केवल 8 घंटे में ट्रक चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को दबोच कर उसकी निशानदेही पर सीमेंट से भरा ट्रक भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार लक्सर से 800 काटो से सीमेंट भरा हुआ ट्रक चोरी हो गया था पुलिन को अश्वनी चोपड़ा निवासी कनखल ने सूचना दी कि सुल्तानपुर स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री के बाहर से उनका ट्रक 9785 चोरी हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीमों का गठन किया8 घंटे में धरा गया आरोपी:पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों और मुखबिर की मदद से जाल बिछाया। 21 दिसंबर को पुलिस ने रायसी बालावाली रोड पर डुमनपुरी के पास से आरोपी मोहम्मद रमजान शाह उर्फ नन्ना (निवासी जसपुर, ऊधमसिंह नगर) को चोरी के ट्रक और सीमेंट के साथ दबोच लिया।चोरी के पीछे नशे की लत:पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब का आदी है और कंडक्टरी के कारण ट्रक चलाना जानता था। चालक को न पाकर उसने लालच में ट्रक चोरी किया और उसे बिजनौर ले जाकर बेचने की योजना थी। लेकिन अंधेरा होने से पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।पुलिस टीम की सराहना:इस त्वरित कार्यवाही में व.उ.नि. लोकपाल परमार, चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह, उ.नि. कर्मवीर सिंह, रंजीत नौटियाल सहित अन्य जवानों ने मुख्य भूमिका निभाई।

# पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, काटे चालान

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने आज शहर में सत्यापन अभियान चलायाऐसे मकान मालिकों के लाभ कार्रवाई की गई जिन्होंने अपना सत्यापन कराया किराएदार रखे थे।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे बाहरी व्यक्तियो के सत्यापन हेतु अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम मे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण मे क्षेत्राधिकारी रूडकी के निर्देशन मे थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय के द्वारा किरायेदारों व घरेलू नौकरो का डोर टू डोर सत्यापन किये जाने हेतु टीमो को गठित किया गया पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत किरायेदारों एवं घरेलू नौकरों के सत्यापन हेतु सघंन अभियान चलाया गया। कोतवाली प्रभास निरीक्षक मनीष उपाध्याय ने बताया कि अभियान के दौरान 80 किरायेदारों का सत्यापन किया गया जिसमे सत्यापन न कराने पर 02 मकान मालिको के विरूद्ध (83 ) पुलिस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार के कुल ₹ 20000/ रूपये के चालान कर चलानी रिपोर्ट मा0 न्यायालय प्रेषित की जा रही है।

## पेंशनर्स एण्ड सीनियर सिटीजन वेलफेयर ट्रस्ट ने 22वें स्थापना दिवस पर

# सैकड़ों मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति व 18 छात्रों को दी साइकिल

**❖ 12 विद्यालयों में निर्धन 108 छात्र-छात्राओं को रुपये 1100/- छात्रवृत्ति तथा 9 विद्यालयों के 334 छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सी का वितरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पेंशनर्स एण्ड सीनियर सिटीजन वैलफेयर ट्रस्ट ने 22 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं साईकिल वितरित की।इसके साथ ही महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण भी किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने पेंशनर्स के प्रयासों की सराहना की।

सिंचाई अनुसंधान संस्थान, सभागार में पेंशनर्स एण्ड सीनियर सिटीजन वैलफेयर ट्रस्ट (रजि0) रुड़की का 22वीं वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. एनपीसिंह, विशिष्ट अतिथि नगर विधायक प्रदीप बत्रा एवं प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई विभाग देहरादून सुभाष चन्द्र पाण्डे ने दीप जलाकर



कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने ट्रस्ट के द्वारा किये गये परहित सहायतार्थ कार्यो की सराहना की गयी एवं उत्साहवर्द्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस उम्र में सेवा की भावना अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य करती है यह पेंशनर्स समाज के प्रेरणास्त्रोत है । ट्रस्ट के अध्यक्ष वाईएन गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। ट्रस्ट की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट में ट्रस्ट के महासचिव केएल गुप्ता ने अवगत कराया कि इस वर्ष रुड़की के चयनित 12 विद्यालयों में निर्धन 108 छात्र-छात्राओं को रूपये 1100/- प्रति छात्र की छात्रवृत्ति तथा 9 विद्यालयों के 334 छात्र-छात्राओं को ऊनी जर्सी का वितरण किया जा चुका है।इस सामारोह में निधन / अभावग्रस्त 18 छात्राओं को साईकिल, सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त 13 महिलाओं को सिलाई मशीन तथा कक्षा 11 में अध्ययनरत, कक्षा 10 की मेरिट के आधार पर चयनित 25 छात्र-छात्रों को रूपये 2100/- प्रति छात्र छात्रवृत्ति वितरित की गयी।ट्रस्ट के सदस्य पेंशनर्स एवं सिनियर सिटीजन है। उक्त सभी कार्य ट्रस्ट की एकत्रित धनराशि के व्याज तथा सदस्यों से प्राप्त सहयोग राशि से किये है। समारोह में मारवाड़ कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज, लालकुर्ती, मूलराज कन्या इण्टर कॉलेज, रामनगर, श्री गांधी महिला शिल्प विद्यालय इण्टर कॉलेज, रुड़की की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में ट्रस्ट की महिला संगोष्ठी कॉर्डिनेटर निशि गुप्ता के साथ अन्य महिलाओं ने भी समारोह में प्रतिभाग किया।वार्षिक उत्सव का मंच संचालन ट्रस्ट के संरक्षक डॉ डीबी गोयल ने किया। उत्सव का समापन धन्यवाद प्रस्ताव एवं राष्ट्रीय गायन के साथ हुआ। समारोह में कोषाध्यक्ष मुंशीराम अरोड़ा, संयुक्त राचिव बलीराम चौहान व आरसी गुप्ता,ऑडिटर एसके वैश्य, राजेश चन्द्रा,अनिल महेश्वरी,आनन्द अग्रवाल,जीडी गुप्ता,समस कुमार जैन,डीएन गिरी, हरफूल सिंह राठी एवं अंजुल गर्ग व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सत्य साईं सेवा संगठन ने किया सत्य साईं रन एंड राइड का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन, भारत द्वारा आयोजित 'श्री सत्य साईं रन एंड राइड कार्यक्रम रविवार को रुड़की में उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तथा फिट इंडिया अभियान को समर्थन देने के उद्देश्य से किया गया।

जानकारी के अनुसार जादूगर रोड, सिविल लाइंस से शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने दौड़ एवं साइकिल रैली में भाग लिया। आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी एकता, भाईचारे और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया।इस अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति के जिलाध्यक्ष मुंशीराम अरोड़ा,समाजसेविका मनीषा बत्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे जनभागीदारी वाले कार्यक्रम युवाओं को नशे और अस्वस्थ जीवनशैली से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित व्यायाम, साइक्लिंग की।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 22 दिसम्बर 2025

# जेब पर एक और बोझ

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही सरकार ने आम जनता की जेब पर एक और बोझ डाल दिया है। जी हां भारतीय रेलवे ने किराए में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है, जो 26 दिसंबर 2025 से लागू हो जाएगा। हालांकि कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। संसद के शीतकालीन सत्र में लगभग आठ बिल पास हुए, जिनका खामियाजा जनता को अपनी जेब पर भारी पड़ गया। महंगाई घटने की बजाय और बढ़ती जा रही है, लेकिन आम जनता की आमदनी में अभी कोई वृद्धि नहीं हुई, जिसके परिणाम स्वरूप 250 किलोमीटर से ज्यादा यात्रा करने वालों को अतिरिक्त पैसे देने होंगे। इस बदलाव से भारतीय रेलवे को सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। रेलवे ने छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। हमारे देश के नेता अपने आप तो अच्छा खासा वेतन लेते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अच्छी पेंशन भी लेते हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं सोचते, जो इस देश के उन संस्थानों में काम कर रहे हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी कमाई में इजाफा करने के लिए भी कुछ प्रयास नहीं करती है। आजकल नौकरी की तलाश में युवा एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं, जिन्हें ट्रेन से ही सफर करना पड़ता है, ऐसे लोगों को अपनी जेब हल्की करनी होगी। हालांकि एक राहत भरी खबर यह भी है कि रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। संसद में जब विपक्ष के सांसद सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछते हैं, तो उनका गोलमोल जवाब देकर इतिश्री कर लिया जाता है। उन पर कोई बहस भी नहीं होती। सरकार अपने प्रतिष्ठानों में घाटा दिखाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किरा, में बढ़ोतरी की थी। अब नए साल से पहले ही सरकार ने लोगों को झटका दे दिया है। भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 में हुई थी। भारतीय रेलवे को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे बोर्ड पहला अभिकरण था, जो भारत में स्थापित हुआ। यह भारतीय रेलवे बोर्ड एक्ट (1905) की धाराओं के अधीन स्थापित किया गया। रेलवे बोर्ड रेलवे में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च विभाग है। यह बोर्ड भारतीय रेलवे से जुड़े सभी प्रोजेक्ट और पॉलिसी का निर्धारण करता है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी क्लास ए सिविल सर्विस के तहत आते हैं और इनकी नियुक्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के तहत होती है।


## आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं



धरना देना सीख लो, आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं, जमीन किसान की है और उस जमीन से निकली फसल का दाम तय करने की किसान के पास ताकत नहीं है, किसानों के पुराने ट्रैक्टर, तो प्रदूषण के कारण रोके जा रहे हैं लेकिन सरकार के ही ट्रक दिन रात शहर में आ जा रहे हैं। जो भी ट्रक अब मुजफ्फरनगर या अन्य शहर में आएगा, तो उसे वापस नहीं जाने दिया जाएगा, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो लखनऊ में आंदोलन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी, अगर बात नहीं सुनी गई तो लखनऊ में ही आंदोलन होगा, इसके साथ ही अरनावली के पहाड़ बचाने के लिए भी आंदोलन किया जाएगा।

**-राकेश टिकैत, प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन**

# कागज के खाली पन्नों से विश्व मंच तक, रामानुजन की अद्भुत कहानी





**योगेश कुमार गोयल**

भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय गणित की गौरवशाली परंपरा और विश्वविख्यात गणितज्ञ निवास रामानुजन के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह केवल एक स्मृति-दिवस नहीं बल्कि गणित जैसे बौद्धिक अनुशासन के प्रति समाज में सम्मान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टि को सुदृढ़ करने का राष्ट्रीय प्रयास है। राष्ट्रीय गणित दिवस की औपचारिक घोषणा वर्ष 2012 में रामानुजन की 125वीं जयंती के अवसर पर की गई थी। चेन्नई में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे विलक्षण प्रतिभावान और गूढ़ ज्ञान से युक्त व्यक्तित्वों का जन्म समाज में बहुत कम होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रामानुजन की प्रतिभा न केवल गणित के क्षेत्र में बल्कि मानव बौद्धिक क्षमता की सीमाओं को समझने में भी एक प्रेरक उदाहरण है। उसी अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि रामानुजन के जन्मदिवस को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी गणित से भय के बजाय आकर्षण और नवाचार का संबंध विकसित कर सके। इस दिवस का उद्देश्य गणितीय सोच को बढ़ावा देना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और यह संदेश देना है कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे निवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों, लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए निवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जीएस हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी।ए। की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक निवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। बहरहाल, राष्ट्रीय गणित दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों और औपचारिक प्रशिक्षण के अभाव में भी भारतीय प्रतिभा विश्व को नई दिशा दे सकती है, जैसा कि रामानुजन ने अपने जीवन और कार्य से सिद्ध किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले



**तनवीर जाफरी**

महात्मा गांधी के नाम से नफरत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अथवा संक्षेप में वीबीजी राम जी कर दिया। हालांकि पहले यह खबरें थीं कि इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना का नाम दिया जाएगा परन्तु आखिरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गांधी का नाम हटा ही दिया। गौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार द्वारा की गई थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मजबूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं, कानूनों, मार्गों, शहरों, स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है। भाजपा, गांधी का सम्मान करती है, सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुए नजर आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गांधी का हत्यारा कौन था, उसकी विचारधारा क्या थी? आज उस विचारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो खास तौर पर जिस तरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया, यहां तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया, गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया गया, उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किए गए यह सब इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि वर्तमान सत्ता के साए तले महात्मा गांधी के प्रति नफरत खूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेजों के तलवे चाटे थे, उनके रहम-ओ-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया, यहां तक कि खुद अंग्रेज भी झुककर सम्मान देते हैं? यह पहला मौका नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिए 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी खूब फोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि गांधी एक चतुर बनिया था। उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए चतुर बनिया शब्द का इस्तेमाल कर गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया था। उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आजादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है, जैसा अंग्रेजों ने किया था। 31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था। बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊंचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी लोकतंत्र की पारदर्शिता और भारतीय संसद



**विनीत नारायण**

**पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति ( पीएसी ), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं।**

अमेरिकी राजनीति में हाल ही में एक बार फिर एक ऐसी घटना घटी जब एफबीआई निदेशक काश पटेल को कांग्रेस की हाउस ज्यूडिशियरी कमिटी के समक्ष सुनवाई के लिए बुलाया गया। यह सुनवाई दिसंबर 2025 में हुई, जहां पटेल को जेफरी एपस्टीन फाइलों, एफबीआई की पारदर्शिता और अन्य विवादास्पद मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। सुनवाई के दौरान एक एपस्टीन वीडियो चलाया गया, जिसने सदन में हंगामा मचा दिया। पटेल ने दावा किया कि एपस्टीन की फाइलों में कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि उन्होंने अन्य लोगों को ट्रैफिकिंग की गई पीड़िताएं प्रदान की थीं और जांच पुराने गैर-अभियोजन समझौतों से बंधी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने ही एपस्टीन के खिलाफ मामले को फिर से खोला था, जबकि पहले के प्रशासन द्धओबामा और बाइडेनऋ ने फाइलें जारी नहीं कीं। डेमोक्रेट सांसदों ने पटेल पर ट्रंप को बचाने का आरोप लगाया, जबकि पटेल ने इनकार किया और कहा कि सभी कानूनी रूप से जारी करने योग्य जानकारी साझा की जा रही है। सुनवाई में एजेंटों की पुनर्नियुक्ति, चार्ली किर्क की हत्या की जांच और एफबीआई के राजनीतिकरण जैसे मुद्दे भी उठे, जहां पटेल ने अपराध दर में कमी और गिरफ्तारियों में वृद्धि का हवाला दिया।

यह सुनवाई अमेरिकी लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता को दर्शाती है। कांग्रेस द्वारा कार्यकारी अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से जवाबदेह ठहराना एक परंपरा रही है। काश पटेल, जो ट्रंप के करीबी सहयोगी हैं और एफबीआई निदेशक के रूप में नियुक्त हुए, को सितंबर 2025 में भी सीनेट और हाउस कमिटियों के समक्ष पेश होना पड़ा था, लेकिन दिसंबर की सुनवाई अधिक विवादास्पद रही क्योंकि इसमें एपस्टीन स्कैंडल पर फोकस था। सुनवाई के दौरान सांसदों ने पटेल से सीधे सवाल किए, जैसे एपस्टीन फाइलों में ट्रंप का नाम कितनी बार आया और क्यों रेडैक्शन के लिए लगभग 1,000 एजेंटों को लगाया गया। पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति (पीएसी), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं, भारत में यह गोपनीय रहती है ताकि जांच प्रभावित न हो। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 और 118 के तहत समितियां स्वतंत्र हैं, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई की परंपरा नहीं है। क्या भारत में कभी ऐसी सुनवाई हो सकती है? यह संभव है, लेकिन राजनीतिक घोटालों के बावजूद मुश्किल। भारत संसदीय प्रणाली पर आधारित है, जहां कार्यकारी और विधायिका में फ्यूजन है, जबकि अमेरिका राष्ट्रपति प्रणाली में पृथक्करण है। जबकि यहां प्रधानमंत्री और मंत्री संसद के सदस्य होते हैं, इसलिए अधिकारी को बुलाना मंत्री की जिम्मेदारी पर सवाल उठा सकता है, जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि कोई बड़ा घोटाला हो, जैसे राफेल डील या कोयला घोटाला आदि, तो जेपीसी तो अवश्य बन सकती है, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई से राजनीतिक पार्टियां डरती हैं क्योंकि इससे संसद में हंगामा, इस्तीफे या सरकार गिरने का खतरा होता है। हालांकि, डिजिटल युग में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। यदि संसद नियमों में संशोधन करे, जैसे सुनवाई को लाइव प्रसारित करने का प्रावधान, तो यह संभव हो सकता है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में, जहां विपक्ष और सत्ता पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, ऐसी सुनवाई से घोटाला ही फूट सकता है, जैसे संसद में अवरोध या मीडिया ट्रायल। फिर भी, लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह विचारणीय है। किसी भी लोकतंत्र में, सत्ता में कोई भी पार्टी क्यों न हो, ऐसे अधिकारियों को बुलाने के कई लाभ हैं। सबसे पहले, यह जवाबदेही सुनिश्चित करता है। चुने हुए प्रतिनिधि कार्यकारी अधिकारियों से सवाल कर सकते हैं, जो जनता की ओर से होता है। इससे भ्रष्टाचार, दुरुपयोग या नीतिगत असफलताओं पर रोशनी पड़ती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में पटेल की सुनवाई से एपस्टीन फाइलों पर जनता को जानकारी मिली, जो अन्यथा छिपी रह सकती थी। भारत में यदि ऐसा हो, तो सरकारी योजनाओं या जांचों की पारदर्शिता अवश्य बढ़ेगी। दूसरा, यह जांच और संतुलन की व्यवस्था को मजबूत करता है। लोकतंत्र में कोई भी शाखा निरंकुश नहीं होनी चाहिए। विधायिका द्वारा कार्यकारी को बुलाना सत्ता के दुरूपयोग को रोकता है। सत्ता मेंचाहे भाजपा हो या कांग्रेस, यह प्रक्रिया नीतियों को जनहित में रखती है। तीसरा, जनता की भागीदारी बढ़ती है। सार्वजनिक सुनवाई से लोग सूचित होते हैं, जो मतदान और सक्रिय नागरिकता को प्रोत्साहित करता है। चौथा, यह राजनीतिक पार्टियों को पारदर्शी बनाता है, क्योंकि सत्ता पक्ष को अपनी नीतियों का बचाव करना पड़ता है, जबकि विपक्ष को रचनात्मक सवाल करने पड़ते हैं। इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता सुधरती है। हालांकि, इस सब के नुकसान भी हो सकते हैं, जैसे राजनीतिकरण या मीडिया ट्रायल, लेकिन देखा जाए तो लाभ अधिक हैं। पटेल की सुनवाई से अमेरिका में एफबीआई की विश्वसनीयता पर बहस हुई, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। भारत में यदि ऐसी व्यवस्था आए, तो घोटालों के बावजूद, यह देश को मजबूत बनाएगा और जवाबदेही व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने टेक्नोलॉजी के दम पर जीती प्रदूषण से जंग

## चीन के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी

**बीजिंग।** उत्तर भारत के कई शहर जिस दमघोंटू हवा से जूझ रहे हैं, करीब एक दशक पहले चीन के हालात भी कुछ ऐसे ही थे। वहां के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी। लेकिन चीन ने हार नहीं मानी और तकनीक के सही तालमेल से अपनी आबोहवा को पूरी तरह बदल दिया।

आज चीन के कई शहरों में वायु गुणवत्ता में जो सुधार आया है, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है। आइए जानते हैं चीन ने तकनीक की मदद से कैसे प्रदूषण को मात दी और शहरों की हवा को सांस लेने लायक बनाया। चीन में प्रदूषण की यह समस्या 1978 के आर्थिक उदारीकरण के बाद शुरू हुई, जब वहां फैक्ट्रियों, बिजली घरों और गाड़ियों की तादाद अचानक बढ़ गई। कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था। इस समस्या ने पूरी दुनिया का ध्यान तब खींचा जब 2008 में बीजिंग



■ कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था

ओलंपिक हुए। अंतर्राष्ट्रीय दबाव और देश के भीतर बढ़ते गुस्से को देखते हुए चीन सरकार ने समझ लिया कि अब हाथ पर हाथ धरे बैठने का समय निकल चुका है। चीन ने अपनी हवा सुधारने के लिए सबसे पहले उन रास्तों को चुना जो सबसे ज्यादा धुआं उगल रहे थे। सरकार ने कोयले के इस्तेमाल को धीरे-धीरे कम करना शुरू किया और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इसका सबसे बेहत. रीन उदाहरण शेन्जेन शहर है, जिसने अपनी हजारों बसों के पूरे बेड़े को रातों-रात इलेक्ट्रिक में बदल दिया। इन फैसलों ने न केवल सड़कों से धुआं कम किया, बल्कि शहरों में शोर और प्रदूषण के स्तर को भी काफी हद तक नीचे गिरा दिया। चीन की इस लड़ाई में आधुनिक तकनीक सबसे बड़ा हथियार साबित हुई। पूरे देश में हजारों की संख्या में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए गए, जो चौबीसों घंटे हवा की शुद्धता पर नजर रखते हैं। प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की सही पहचान के लिए सैटेलाइट और हाई-टेक ड्रोन्स का सहारा लिया गया। इतना ही नहीं, चीन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा का इस्तेमाल करके एक ऐसा सिस्टम बनाया जो पहले ही बता देता है कि मौसम की स्थिति के हिसाब से प्रदूषण कब और कहां बढ़ सकता है।

## कंबोडिया-थाइलैंड संघर्ष में अब तक 19 कंबोडियाई नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच फिर से शुरू हुए सीमा संघर्ष में 15 दिनों में मरने वाले कंबोडियाई नागरिकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की राज्य उप-सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 दिसम्बर को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे तक मरने वाले 19 लोगों में एक शिशु भी शामिल है। अब तक 79 नागरिक घायल भी हुए हैं। कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष 7 दिसम्बर से फिर से भड़क उठा है, जिससे दोनों पक्षों को काफी नुकसान पहुंचा है।



रांची। शीत ऋतु की सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच यात्री रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए।

## 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को अमेरिका छोड़ने से रोक रहे गूगल, ऐप्पल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल और ऐप्पल नौकरी वाले वीज़ा पर अमेरिका आए कर्मचारियों को देश छोड़ने से रोक रहे हैं। बिजनेस इनसाइडर ने एक ईमेल का हवाला देते हुए यह दावा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गूगल और ऐप्पल कुछ 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को दूतावास में देरी के कारण अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। दोनों कंपनियों के बाहरी कानूनी सलाहकारों ने उन कर्मचारियों को ईमेल भेजे हैं जिन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश के लिए वीजा स्टैंप की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरीकी सेना ने वेनेजुएला के तट से दूसरा तेल टैंकर पकड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि सेना ने वेनेजुएला के तट से एक और तेल टैंकर पकड़ा है। नोएम ने शनिवार को एक्स पर कहा कि आज सुबह 20 दिसम्बर को एक कार्रवाई में, अमरीकी तटीय गार्ड ने युद्ध विभाग की मदद से एक तेल टैंकर पकड़ा जो आखिरी बार वेनेजुएला में खड़ा किया गया था। इससे पहले अमरीकी सेना ने 10 दिसम्बर को वेनेजुएला के तट से एक तेल टैंकर पकड़ा। वेनेजुएला सरकार ने इस कदम की 'एक खुली चोरी और अंतर्राष्ट्रीय लूट' कहकर निंदा की है।

### जापान राष्ट्रीय एआई परियोजना शुरू करेगा

**टोक्यो।** जापान निजी क्षेत्र के साथ मिलकर लगभग तीन ट्रिलियन येन (लगभग 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की लागत से एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणाली परियोजना शुरू करेगा। 'योमिउरी' समाच. ार पत्र ने बताया कि सॉफ्टबैंक और दस से अधिक अन्य जापानी कंपनियों द्वारा अगले वसंत में देश का सबसे बड़ा 'एआई बेसलाइन मॉडल' विकसित करने के लिए एक नया उद्यम स्थापित करने की उम्मीद है। इस परियोजना का उद्देश्य जापान, अमेरिका और चीन के बीच एआई के मामले में बढती खाई को पाटना है।

### जापान के अमोरी प्रांत में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** उत्तरी जापान के अमोरी प्रान्त के तट पर रविवार को 5.5 की तीव्रता वाला भूकंप आया। जापान मौसम एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी है। जेएमए के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:29 बजे अमोरी के प्रशांत तट पर 50 किमी की गहराई में आया। भूकंपीय पैमाने' पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 40.7 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.3 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसे लेकर सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## उस्मान हादी हत्या मामला: न्याय की मांग तेज हुई

# बांग्लादेश सरकार को 24 घंट का अल्टीमेटम

■ आक्रोशित छात्र नेता बोले: हत्यारों को गिरफ्तार करो, अनिश्चितकालीन धरने की धमकी, होम एडवाइजर से इस्तीफा देने की मांग

**ढाका।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच के सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि अगर सरकार आज शाम तक हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नहीं करती, तो शाहबाग चौराहे पर रविवार शाम से अनिश्चितक. ालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। कल हादी के अंतिम संस्कार के बाद दोपहर 3 तीन बजे शाहबाग चौराहे पर हुए रैली में यह अल्टीमेटम जारी किया गया।

रैली मे इंकलाब मंच ने करीब दो घंटे तक इलाके को ब्लॉक रखा। जाबेर ने होम एडवाइजर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी और मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी से 24 घंटे के अंदर इस्तीफा देने की मांग की। जाबेर ने सरकार के सामने दो मुख्य मांगें रखीं है, जिसमें पहली, हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी, और दूसरी अवामी लीग से जुड़े कथित सिविल-मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंटों की गिरफ्तारी है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जाबेर ने सरकार से पूछा कि आपने उस्मान हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि यह हत्या एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे पूरा एक सिडिकेट है। जाबेर ने किसी राजनीतिक दल पर सीधे शक नहीं जताया, लेकिन कहा कि कोई भी दल संदेह से ऊपर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हादी सिर्फ अवामी लीग के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि हत्यारों का बचाव करने वालों और उनका सार्वजनिक समर्थन करने वालों को भी न्याय के दायरे में लाया जाए। भारत ने



### बंगबंध शेख मुजीब हॉल का नाम रखा गया उस्मान हादी हॉल

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदलकर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। बता दें कि सिर में गोली लगने के छह दिन बाद गुरुवार को हदी की मौत हो गई थी। उन्हें 12 दिसम्बर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' नाम की नेमप्लेट लगा दी।

■ भारत ने चटगांव में वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल को बंद कीं, सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद सेवाएं शुरू करने पर फैसला होगा

बांग्लादेश के चटगांव शहर में भारतीय वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं। यह फैसला वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और हाल की हिंसक घटनाओं के बाद लिया गया है। चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने 21 दिसम्बर से सभी तरह की वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी हैं। वीजा आवेदन केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा। तब तक चटगांव में भारतीय वीजा से जुड़ी सभी सेवाएं बंद रहेंगी। जाबेर ने आगे आरोप लगाया कि आगामी चुनावों को बाधित करने और शेख हसीना की अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश चल रही है। उन्होंने हादी को 'जनता की आवाज' और 'बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक' बताया। साथ ही, समर्थकों से शांत रहने और तोड़फोड़ से बचने की अपील की। हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।

## अमेरिकी घेराबंदी के चलते वेनेजुएला का व्यापार ठप

■ दूसरा व्यापारिक जहाज भी जब्त किया तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था, मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ा

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है और अब यह इस कदर बढ़ गया है कि अमेरिका ने वेनेजुएला का पूरा विदेशी व्यापार ही ठप कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को भी जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं। अमेरिकी अधिका. रियों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। यह कदम ट्रम्प के उस एलान के बाद सामने आया है, जिसमें ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी करने और सभी तेल टैंकरों को वेनेजुएला से लाने-ले जाने पर रोक लगाने का एलान किया था। इस एलान के बाद बीती 10 दिसम्बर को भी अमे. रिकी सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला के तट पर उसके एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था। अधिका. रियों ने बताया कि व्यापारिक जहाज को जब्त करने की ताजा कार्रवाई आपसी सहमति से हुई। जिसमें अमेरिकी अधिकारी जहाज पर चढ़े और उन्होंने जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रम्प, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोसल मादुरो को कह चुके हैं कि अब उनके सत्ता में रहने के गिने-चुने ही दिन बचे हैं। ट्रम्प ने हाल ही में मांग की थी कि वेनेजुएला ने जो वर्षों पहले अमेरिकी तेल कंपनियों की जो संपत्तियां जब्त की थी, अब वे उन्हें वापस करें। यही वजह है कि वेनेजुएला पर दबाव बनाने के लिए ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी की है। अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को भी डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

## मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने


**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से जयादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल सम्पति बढ़कर 500 अरब डॉलर से जयादा हो गई।

## अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट से 16 एप्स्टीन केस फाइल गायब

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट के उस विभाग से कम से कम 16 फाइलें गायब हो गई हैं, जहाँ फाइनेंसर जेफरी एप्स्टीन के मामले से संबंधित दस्तावेज प्रकाशित किए गए थे। अमेरिकी विधि विभाग ने शनिवार को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी और कई रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से पारित एक कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह है, हालांकि अभी तक कोई विशिष्ट सबूत पेश नहीं किया गया है कि अमेरिकी नेता बच्चों के यौन शोषण में शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं। साथ ही एक ऐसी तस्वीर भी गायब है जिसमें एक ड्रेसर और दराजों पर रखी तस्वीरों की एक श्रृंखला दिखाई गई थी, जिसमें एप्स्टीन, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की लंबे समय तक सहयोगी रही घिसलेन मैक्सवेल के साथ ट्रंप की एक तस्वीर



■ गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं

भी शामिल थी। गौरतलब है कि एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 'सेक्स ट्रैफिकिंग' और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसे 40 वर्षों से अधिक की जेल का सामना करना पड़ सकता था। अभियोजकों के अनुसार, 2002 और 2005 के बीच एपस्टीन ने दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाए, जिन्हें उसने न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में अपने आवासों पर बुलाया था। वह उन्हें नकद भुगतान करता था और फिर कुछ पीड़ितों को और लड़कियों को लाने के लिए 'रिक्रूटर्स' के रूप में नियुक्त करता था। कुछ पीड़ितों की उम्र मात्र 14 वर्ष थी। जुलाई 2019 की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर की एक मैनहट्टन अदालत ने एप्स्टीन की पेशी के बाद उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया और जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसी वर्ष जुलाई के अंत में यह बताया गया कि एप्स्टीन जेल की एक सेल में आधी-बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि उसने आत्महत्या की थी। एप्स्टीन मामले में जनता की दिलचस्पी तब फिर से बढ़ गई जब ट्रंप प्रशासन वादे के मुता. बिक फाइलों को सार्वजनिक करने में विफल रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना तब और तेज हो गई जब फेडरल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और विधि विभाग ने कहा कि एप्स्टीन ने प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्लैकमेल नहीं किया था और न ही कोई क्लाइंट लिस्ट रखी थी, जबकि अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने इसके विपरीत दावा किया था।




## जोहानिसबर्ग के शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग

### नौ लोगों की मौत, पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।

गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और




■ घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया

अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध या मकसद का पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि गोलीबारी में मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परा. ेसे जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसम्बर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।

## संयुक्त राष्ट्र में गूंजा शांति का मंत्र

■ श्रीश्री रवि शंकर के सान्निध्य में मना दूसरा विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क।** विश्व के सबसे बड़े कूटनीतिक मंच, संयुक्त राष्ट्र के गलियारे अनूठी शांति और गहन मौन के साक्षी बने। गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के सानिध्य में मनाए गए दूसरे विश्व ध्यान दिवस में प्राचीन भारतीय विरासत और आधुनिक कूटनीति का संगम देखने को मिला।

यूक्रेन के सैनिकों से लेकर वैश्विक राजदूतों तक सभी के लिए ध्यान मानसिक शांति का सेतु बना। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक नेताओं, राजदूतों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने एक सुर में स्वीकार किया कि युद्ध, मानसिक तनाव और अशांति से जूझती दुनिया के लिए ध्यान अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने न सिर्फ ध्यान के दर्शन को समझाया, बल्कि वहां उपस्थित दुनिया भर के प्रति. निधियों को 20 मिनट के मार्गदर्शित ध्यान सत्र के जरिये एक सूत्र में पिरो दिया। दर्शन और ध्यान का अंतर, खाली कटोरे की कहानी: संबोधन की शुरुआत गुरुदेव ने एक मर्मस्पर्शी कथा से की। उन्होंने बताया कि कैसे विभिन्न दार्शनिकों के भरे हुए कटोरे (विचारों) को खाली कर शिक्षक ने एकता का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा दर्शन शास्त्र मन को विचारों से भरते हैं, लेकिन ध्यान व्यक्ति को विचारों के पार ले जाकर उस साझा शांति के क्षेत्र में पहुंचाता है जहां से स्पष्टता का जन्म होता है।

